● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 51, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 25 मार्च 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



मीडिया गलतियां उजागर करें : गडकरी 5



धोनी की स्टंपिंग के कायल हुए सिद्धू 6

## सांसदों की सैलरी 24 फीसदी बढ़ी,हर सांसद को अब रु 1.24 लाख मिलेंगे



**नई दिल्ली।** सरकार ने सांसदों की सैलरी में 24% का इजाफा कर दिया है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक मौजूदा सांसदों को अब 1.24 लाख रुपए प्रति माह मिलेगा। पहले उन्हें 1 लाख रुपए प्रति माह मिलते थे।

यह बढ़ोतरी कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स (लागत मुद्रास्फीति सूचकांक) के आधार पर की गई है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी।

इससे पहले मोदी सरकार ने 2018 में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा का नियम बनाया था। यह समीक्षा महंगाई दर पर आधारित होती है।

डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई है। डेली अलाउंस 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 2,500 कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेंशन 25 हजार रुपए से प्रति माह से बढ़ाकर 31 हजार रुपए प्रति माह कर दी गई है। पांच साल से ज्यादा समय तक सांसद रहे सदस्यों को हर साल के लिए मिलने वाली एक्स्ट्रा पेंशन भी 2 हजार रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रति माह कर दी गई है।

**अधिसूचना के मुताबिक कहां, कितना बदलाव हुआ**

एक सांसद को निर्वाचन क्षेत्र भत्ता के रूप में 87,000 रुपए प्रति माह मिलेंगे, जबकि पहले यह 70,000 रुपए था।

कार्यालय खर्च के लिए 75,000 रुपये मिलेंगे, जबकि पहले यह 60,000 रुपए था। इसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए 50,000 और स्टेशनरी के लिए 25,000 रुपए शामिल हैं।

कार्यकाल के दौरान एक बार 1 लाख रुपए का टिकाऊ फर्नीचर और 25,000 रुपए का गैर-टिकाऊ फर्नीचर खरीदने के लिए सुविधा मिलेगी।

**2018 में बढ़ाया गया था सांसदों का वेतन**

2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने सांसदों का वेतन 50,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया था। जेटली ने हर पांच साल में वेतन और भत्तों को ऑटोमैटिक रिवाइज करने की व्यवस्था भी की थी, जिसके तहत इसे मुद्रास्फीति के मुताबिक किया जाता था। इस तरह सांसदों की सैलरी तय करने के लिए सिफारिशें करने की प्रथा समाप्त हो गई। 2020 में, कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार ने एक साल के लिए सांसदों और मंत्रियों के वेतन में 30% की कटौती की थी।

2025 में की गई बढ़ोतरी आयकर अधिनियम 1961 में दी गई कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के आधार पर संसद सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन अधिनियम में दी गई शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए की गई है।

**सांसदों को ये सुविधाएं भी मिलती हैं**

34 हवाई यात्राएं, फर्स्ट एसी में सीट- प्रत्येक सांसद एक साल में 34 फ्री हवाई यात्राएं कर सकता है। सांसद चाहे तो 8 यात्राओं को अपने सहयोगियों या स्टाफ को ट्रांसफर कर सकते हैं। उन्हें भारतीय रेलवे की सभी क्लास में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलती है। यह सुविधा संसद सत्र के दौरान और बाद भी मिलती है। सड़क यात्रा के लिए रु 16 प्रति किमी तक का भत्ता दिया जाता है। यह तब लागू होता है जब सांसद किसी आधिकारिक कार्य के लिए सड़क से यात्रा करते हैं और हवाई या रेल यात्रा संभव नहीं होती। संसद सत्र के दौरान सांसदों को दिल्ली में परिवहन सुविधा प्रदान की जाती है। रिटायर्ड सांसदों को भी कुछ हद तक रेल और हवाई यात्रा पर रियायत मिलती है।

50 हजार यूनिट फ्री बिजली- इसके अलावा दिल्ली में मुफ्त सरकारी आवास, सरकारी आवास और ऑफिस के लिए 50,000 यूनिट फ्री बिजली और 4 लाख लीटर मुफ्त पानी की सुविधा छूट मिलती है। लोकसभा सांसदों के लिए 1,50,000 मुफ्त कॉल और राज्यसभा सांसदों के लिए 50,000 मुफ्त कॉल मिलती हैं।

## मप्र खेलों की राजधानी बन रहा है: डॉ यादव




**इंदौर।** रेवती रेंज में 18 वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी स्पर्धा की शुरूआत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की। शाम छह बजे वे बीएसएफ परिसर पहुंचे। उसके परेड की सलामी ली। विभिन्न राज्यों से आए पुलिस विभाग के निशानेबाजों से मुख्यमंत्री मिले और उसने परिचय लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि अलग-अलग कालों में निशानेबजी की गौरवशाली परंपरा रही है। अब कहावत बदली है। खेल कूद कर अब नवाब बनने का समय आ गया है। हमारे बच्चे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पुरस्कार ला रहे है। मध्य प्रदेश आर्थिक रुप से मजबूत हो रहा है। नए उद्योग खुल रहे है। खेल के क्षेत्र में भी आगे है। हमारे खिलाड़ी उत्तराखंड में 48 वें नेशनल गेम में 82 मेडल लेकर आए है। यह मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी छलांग है। मध्य प्रदेश ने खेल के मामले में राज्यों की श्रेणी में तीसरा स्थान बनाया। नेशनल गेम ने अलग पहचान मध्य प्रदेश बना है। मध्य प्रदेश अब खेलों की राजनधानी बन रहा है । हमने कोर्स में भी बदलाव किए है। खेल भी एक विषय रखा है। खिलाड़ियों के साथ हम प्रशिक्षकों को भी ट्रेनिंग दे रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर और मालवा की धरती पर कई महापुरुष जन्मे है। राजा भोज,देवी अहिल्या, विक्रमादित्य ने इस धरती को अपने पराक्रम से सिंचिंत किया। इंदौर की स्वच्छता, अतिथि संस्कार और खान पान में अलग पहचान है। यहां आए खिलाड़ी स्पर्धा में भाग लें और 56 दुकान और सराफा में भी जाए। वहां एक अलग अहसास होगा।

उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल और जिला प्रशासन के माध्मय से निशानेबाज खोज कार्यक्रम चलाया जाएगा। चयनित निशानेबाजों को उचित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे नए खिलाड़ियों को अवसर मिलेंगे। मध्य प्रदेश की धरती से कई अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी निकले है। कार्यक्रम में बीएसएफ अकादमी के अपर महानिदेशक शमशेर सिंह ने भी संबोधित किया।

## आप सरकार में हुआ वित्तीय घाटा

### सीएम रेखा ने विधानसभा में पेश की डीटीसी कैग रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट सोमवार को दिल्ली विधानसभा में पेश की। रिपोर्ट में परिचालन संबंधी अक्षमताओं और वित्तीय घाटे के बारे में विस्तार से बताया गया, जिससे पिछली आम आदमी पार्टी सरकार की आलोचना हुई।

रिपोर्ट डीटीसी के प्रमुख परिचालन और वित्तीय पहलुओं का मूल्यांकन करती है। अक्षमताओं और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की ओर इशारा करती है। यह प्रबंधन, राजस्व सृजन, परिचालन स्थिरता और सार्वजनिक परिवहन नीतियों के पालन की जांच करती है।

सीएजी रिपोर्ट पेश होने के बाद भाजपा विधायक हरीश खुराना ने पिछली आप सरकार की आलोचना की, उस पर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के कुप्रबंधन का आरोप लगाया, जिसके परिणास्वरूप वित्तीय घाटा हुआ और डीटीसी की बसों में कमी आई। सीएजी रिपोर्ट पेश होने के बाद भाजपा विधायक हरीश खुराना ने पिछली आप सरकार की आलोचना की, उस पर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के कुप्रबंधन का आरोप लगाया, जिसके परिणास्वरूप वित्तीय घाटा हुआ और डीटीसी की बसों में कमी आई।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना के अधीन डीटीसी लाभदायक थी, लेकिन आप के शासन में निगम का कुल घाटा बढ़कर 8498.33 करोड़ रुपये हो गया, जो आप के कार्यकाल में 5000 करोड़ रुपये बढ़ गया।

## गैस एजेंसी पर फटे 350 सिलिंडर, धमाकों से दहले लोग

**बरेली।** बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर स्थित महालक्ष्मी गैस एजेंसी में सोमवार दोपहर भयानक हादसा हो गया। दोपहर करीब एक बजे सिलिंडरों से भरे ट्रक में आग लग गई। ग्रामीणों के अनुसार सिलिंडर फटने के बाद लगातार कई तेज धमाके हुए, जिससे आसपास का इलाका दहल गया। करीब एक घंटे तक एक-एक कर सिलिंडर फटते रहे। धमाकों के साथ हवा में उड़े सिलिंडरों के टुकड़े करीब 500 मीटर के दायरे में खेतों में जाकर गिरे। वहीं, गोदाम से उठती लपटों को देख गांव रजऊ परसपुर में दहशत फैल गई।

## मिस्र के नए युद्ध विराम प्रस्ताव के बीच इस्राइली हमले तेज

**येरुशलम।** गाजा पट्टी में इस्राइली हमलों में पिछले कुछ दिनों से तेजी आ गई है, वहीं बीते 24 घंटों में इस्राइली हमलों 61 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध में अब तक 50 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और 1.13 लाख से ज्यादा घायल हुए हैं।

मिस्र ने इस्राइल और हमास के बीच शांति बहाल करने के लिए नया प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के तहत, हमास पांच जीवित बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें एक अमेरिकी-इस्राइली नागरिक भी शामिल है। इसके बदले में, इस्राइल गाजा में मानवीय सहायता की अनुमति देगा और कई फलस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा। हमास ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

इस्राइली सेना ने गाजा के दक्षिणी शहर रफाह के एक हिस्से को घेर लिया है, जिससे हजारों लोग वहां फंसे हुए हैं। इस्राइल ने टेल अल-सुल्तान इलाके को खाली करने का आदेश दिया, लेकिन स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि अभी भी हजारों लोग वहां फंसे हुए हैं, जिनमें राहत और बचाव कार्यकर्ता भी शामिल हैं। इस्राइली हमले में एक स्कूल को निशाना बनाया गया, जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। इस हमले में एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। इस्राइल का कहना है कि वह केवल आतंकियों को निशाना बनाता है, लेकिन नागरिकों की मौत के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया।

गाजा में काम कर रहे अमेरिकी डॉक्टर फिरोज सिधवा ने कहा कि इस्राइली हमले में घायल अधिकतर मरीज पहले के हमलों में घायल हुए थे और इलाज करा रहे थे। उनके अनुसार, घायल मरीजों को एक ही युद्ध में दो बार दर्द सहना पड़ रहा है।

## कर्नाटक में आरक्षण मुद्दे पर लोकसभा-राज्यसभा में हंगामा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को उन सुझावों पर सवाल उठाया कि कर्नाटक सरकार मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण पर विचार कर रही है, उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने हाल ही में सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों को आरक्षण की सुविधा देने के लिए संविधान में बदलाव करने का सुझाव दिया था। यह मुद्दा सोमवार को लोकसभा में गूंजा और सत्तारूढ़ भाजपा ने इस विचार पर सवाल उठाया और शिवकुमार को हटाने की मांग की।

## एकनाथ शिंदे पर कुणाल कामरा की टिप्पणी पर बवाल


**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना युवा सेना (शिंदे गुट) के महासचिव राहुल कनाल और 19 अन्य के खिलाफ कल हैबिटेट स्टैंडअप कॉमेडी सेट पर तोड़फोड़ करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। बीएनएस और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए राहुल कनाल समेत 11 को गिरफ्तार भी कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद कनाल का मेडिकल कराया गया। इस दौरान जब संवाददाताओं ने उनसे बात करने की कोशिश की तो उन्होंने नारे लगाते हुए कहा, हमारा नेता कैसा हो? एकनाथ शिंदे जैसा हो। दरअसल, शिवसेना कार्यकर्ताओं ने रविवार को मुंबई के खार इलाके में होटल यूनिकॉन्टिनेंटल में तोड़फोड़ की थी। इस होटल में स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के शो की शूटिंग हुई थी, जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कटाक्ष करते हुए उन्हें गद्दार बोला था।

## केरल में जीत का परचम लहराने की तैयारी में भाजपा

### पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को सौंपी कमान

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा ने केरल में अपनी जमीन मजबूत करने और जीत का परचम लहराने के लिए पार्टी की कमान पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को सौंपी है। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रहलाद जोशी ने पार्टी राज्य परिषद की बैठक के दौरान राजीव चंद्रशेखर को केरल का भाजपा अध्यक्ष घोषित किया।

चंद्रशेखर के पास दो दशक से ज्यादा समय का अनुभव है। वह आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कौशल विकास और उद्यमिता, जलशक्ति विभाग के मंत्री रह चुके हैं। माना जा रहा है कि उनकी नियुक्ति के बाद से भाजपा के केरल में बड़ा फायदा मिलेगा। केरल भाजपा अध्यक्ष पद के लिए राजीव चंद्रशेखर ने मुख्यालय में दो सेट में नामांकन दाखिल किया। केंद्रीय पर्यवेक्षक ने निवर्तमान अध्यक्ष के सुरेंद्रन और राज्य प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर की मौजूदगी में उनकी नियुक्ति की घोषणा की। सुरेंद्रन ने मंच पर चंद्रशेखर को पार्टी का झंडा सौंपा। निवर्तमान अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कहा कि पिछले 10 सालों में



केरल में भाजपा ने अभूतपूर्व विकास किया है। चंद्रशेखर को पार्टी के सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से चुना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका अनुभव और विशेषज्ञता राज्य में भाजपा के विकास को गति देगा। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर एक सामान्य राजनीतिज्ञ नहीं हैं। वे अपनी नई भूमिका में चमक सकते हैं।

60 वर्षीय चंद्रशेखर दो दशकों का राजनीतिक अनुभव है। वे इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, कौशल विकास और उद्यमिता तथा जल शक्ति विभागों के केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। चंद्रशेखर तीन बार कर्नाटक से राज्यसभा सांसद रहे। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी रहे हैं। मौजूदा समय में वे एनडीए की केरल इकाई के उपाध्यक्ष हैं।

## नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

**नागपुर।** नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के घर के अवैध हिस्से को जमींदोज कर दिया गया है। नगर निगम अधिकारियों ने सोमवार को इसे ध्वस्त कर दिया। फहीम खान पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। नोटिस के बाद भी उसने अवैध ढांचे को नहीं हटाया। वह अल्पसंख्यक लोकतांत्रिक पार्टी (एमडीपी) का नेता भी है। मामले में आरोपी यूसुफ शेख के घर के अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया। फहीम खान महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 17 मार्च को हुई हिंसा के लिए गिरफ्तार किए गए 100 से अधिक लोगों में शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले नागपुर नगर निगम ने उसे नोटिस जारी किया था। इसमें कई खामियों और घर के लिए बिल्डिंग प्लान की मंजूरी न होने का हवाला दिया गया था। जानकारी के मुताबिक, घर यशोधरा नगर इलाके में संजय बाग कॉलोनी में स्थित है।

## भाजपा सरकार से जनता दुखी: मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के आठ वर्ष पर भाजपा के उत्सव मनाने पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके भाजपा के शासनकाल को खराब दौर बताया। लिखा कि भाजपा सरकार में जनता बेहाल है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भाजपा, कांग्रेस या अन्य किसी पार्टी को राजनैतिक स्वार्थ में संविधान के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे। विशेषकर आरक्षण के मामले में संविधान को किसी भी कीमत पर बदलने नहीं देंगे। इसके लिए यदि संघर्ष करना पड़ा तो बसपा इसके लिए तैयार है।

## मप्र में बढ़ी गर्मी, पारा 39 डिग्री पार पहुंचा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर से गर्मी ने अपना कर दिखाना शुरू कर दिया है, जहां प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश और ओले के असर से गर्मी से राहत मिली थी। वहीं एक बार फिर से तापमान 39 डिग्री पार पहुंच गया है। सोमवार को रतलाम लगातार दूसरे दिन सबसे गर्म रहा यहां का अधितम तापमान 39.2 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री, इंदौर 36.8 डिग्री, ग्वालियार 36.1 जबलपुर 36.0 डिग्री दर्ज किया गया। मौमस विभाग का कहना है कि 27 से 31 मार्च के बीच प्रदेश के कुछ इलाकों में लू भी चल सकती है। दरअसल प्रदेश में मार्च के आखिरी दिनों में तेज गर्मी पड़ती है। पिछले 10 साल से यह ट्रेंड रहा है। अबकी बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, हिमालय के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है, लेकिन यह स्ट्रॉन्ग नहीं है। इस वजह से प्रदेश में असर कम रहेगा। सोमवार को पूरे प्रदेश में दिन के पारे में बढ़ोतरी देखने को मिली। रतलाम में 39.2 डिग्री, नर्मदापुरम में 38.8 डिग्री, धार में 38.6 डिग्री, खरगोन में 37.2 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, मार्च के आखिरी दिन यानी- 27 से 31 मार्च के बीच प्रदेश में फिर से गर्मी का असर देखने को मिलेगा। कुछ इलाकों में लू भी चल सकती है। कई शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। सामान्यत: दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है।

## धर्म की राजनीति, भ्रष्टाचार छुपाने का तरीका

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कर्नाटक मुस्लिम आरक्षण मुद्दे पर भाजपा को घेरा

नई दिल्ली

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राज्यसभा में धर्म के आधार पर भाजपा और कांग्रेस के विचारधारा पर जोर दिया। उन्होंने भाजपा के नेताओं पर कर्नाटक में मुसलमानों के लिए सरकारी अनुबंधों में आरक्षण को लेकर झूठ बोलने और सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर कानून बनाने वाली पार्टी है, जबकि कांग्रेस ने कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी सरकार के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए इस मुद्दे को उठा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में न्यायपालिका से जुड़ा एक मामला सामने आया था, और भाजपा नहीं चाहती कि विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा करे। खरगे ने यह भी कहा कि भाजपा कर्नाटक में धर्म आधारित आरक्षण के मुद्दे को उछाल कर कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है।



बता दें कि कर्नाटक में मुसलमानों के लिए आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा सांसदों ने राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के माध्यम से यह मुद्दा उठाया था। वे यह दावा कर रहे थे कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मुसलमानों के लिए आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन करने की बात कही थी। हालांकि, शिवकुमार ने इस आरोप को सिरे से नकारा और कहा कि उन्होंने ऐसा कभी नहीं कहा।

राज्यसभा में खरगे ने कहा कि यह मुद्दा 1994 से चला आ रहा है और कर्नाटक में आरक्षण का यह कोटा कांग्रेस, भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) जैसे तमाम दलों द्वारा स्वीकार किया गया था। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह अब इस मुद्दे को राजनीति के लिए उठा रही है, क्योंकि कांग्रेस की कर्नाटक में सफलता और लोकप्रियता बढ़ रही है।

साथ ही खरगे ने यह भी कहा कि भाजपा के नेताओं ने संविधान में बदलाव की बात की है, जबकि कांग्रेस ने कभी भी संविधान को बदलने की बात नहीं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी को पांच श्रेणियों में न्याय देने की कोशिश की है, और भाजपा पुराने कानूनों को चुनौती देकर अपनी हताशा को दिखा रही है।

खरगे ने यह स्पष्ट किया कि कर्नाटक में कांग्रेस के किसी भी नेता ने मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए संविधान बदलने की बात नहीं की है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी दी कि यदि कोई भी संविधान के खिलाफ कुछ कहेगा, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और संविधान की रक्षा के लिए वह हमेशा संघर्ष करेगी।

# एक वर्ष से अधिक समय के अपूर्ण आवासो का निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण करायें : शर्मा

## नगर निगम आयुक्त ने की बीएलसी घटक के तहत स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा ने निगम सभागार में बैठक आयोजित कर नगरीय क्षेत्र में बीएलसी घटक के तहत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासो के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुयें संबंधित क्षेत्रों के सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं वार्ड प्रभारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा राशि प्रप्ति करने के बावजूद जिन हितग्राहियों के द्वारा अपने आवासो का निर्माण कार्य पूर्ण नही कराया गया है उनसे समन्वय बनाकर एक माह के अंदर अधूरे आवासो निर्माण कार्य को पूर्ण कराएं ।निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में निवासरत ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा एक वर्ष से अधिक समय से राशि प्राप्त करने के बाद बार बार समझाईस देने के बावजूद भी अपने आवास का निर्माण कार्य नही कराया जा रहा है उन्हे नोटिस जारी करने के



पश्चात राशि की वशूली करने की कार्यवाही करे।

निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना 2.0 के तहत जिन हितग्राहियो के द्वारा ऑन लाईन के माध्यम से अपना आवेदन किया गया है उन्हे अवगत कराया जाये कि आवेदन की हार्डकापी निगम कार्यालय में जमा किया जाना आवश्यक है। साथ ही आवेदन के साथ 50 रूपयें स्टाम्प भी अनिवार्य रूप से लगाया जायें। बैठक निगमायुक्त के द्वारा यह भी निर्देश दिया कि पीएम आवास योजना 2.0 के तहत प्राप्त आवेदनों का वार्ड में जाकर भौतिक सत्यापन भी किया जाये ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके आवेदन करने वाला हितग्राही योजना से संबंधित सभी पत्रता रखता है। उन्होने निर्देश दिए कि हितग्राही सर्वे के दौरान यह सुनिश्चित करले कि हितग्राही वार्षिक आय 3 लाख रूपयें से कम होनी चाहिए साथ निगम क्षेत्र में समंग्र आईडी 2020 के पहले से बनी होनी चाहिए तथा हितग्राही विवाहित हो ।ताकि पात्र हितग्राही की योजना के लाभ से लाभान्वित कराया जा सके। निगमायुक्त के द्वारा राजस्व वशूली की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि मार्च माह के अंत तक सम्पत्ति कर भू भाटक, दुकान किराया, जल कर सहित निगम के अन्य मदो से प्राप्त होने वाले करो की शत प्रतिशत वशूली किया जाना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ वार्डो कि ऐसे कालोनिया जहा पर जल संकट उत्पन्न होने की संभावन दिख रही हो उनको चिन्हित कर समय पर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाये ताकि समय पर जल संकट का निदान किया जा सके।

# संगठन को मजबूती प्रदान करना हम सब का कर्तव्य : प्रवीण

**सिंगरौली।** अतिथि शिक्षक समन्वय समिति संघ सिंगरौली जिला अध्यक्ष उमा शंकर सिंह बैस के दिशा निर्देशन मे चितरंगी मे ब्लाक स्तर पर ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने नेतृत्व मे लगातार संकुल चलो अभियान मे बैठक करके अधिक से अधिक अतिथि शिक्षको को दिशा निर्देश देकर संगठन को मजबूत करके हम सभी को अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना है जिसको लेकर संकुल झगरौहा,के अंतर्गत पीडिरिया के शासकीय उच्च.महाविद्यालय विद्यालय के भवन मे संपन्न हुआ जिसमे उपस्थित जिला संरक्षक लक्ष्मण सिंह ने कहा हम लगातार आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े है। आप सभी के हित मे जो करना पड़े। उसके लिए तैयार है,इस पूरे अभियान बैठक मे जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद बैस, तीरथ प्रसाद जायसवाल, ब्लाक महामन्त्री शिव कुमार सिंह,ब्लाक उपाध्यक्ष वृहस्पति सिंह, शंकुल अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, संकुल उपाध्यक्ष चंद्रवती सिंह, देवन सिंह, कुम्भकरण, संभुदायल सेन, रमाशंकर, सविता देवी जायसवाल, सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थत रहे।

# हैंडपंपों को अतिक्रमण से कराया गया मुक्त

## सरई तहसीलदार की सख्त कार्यवाही से मचा हड़कंप

**सिंगरौली।** ग्रीष्मकालीन मौसम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु जल स्रोतों का संरक्षण हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पेयजल के प्रमुख स्रोत के रूप में हैंडपंप शासन की तरफ से ग्रामों में स्थापित किए गए हैं। जिन्हें समय पर सुधार कर आमजन के लिए स्वच्छ केवल की व्यवस्था की गई है। शिकायत प्राप्त हुई थी ग्रामीण क्षेत्रों में दबंग प्रकृति के लोगों के द्वारा



हैंडपंप पर कब्जा करके मोटर पंप डालकर निजी उपयोग किया जा रहा था। जिस पर सख्ती से कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देश जारी किए गए। उपखंड अधिकारी देवसर के मार्गदर्शन में तहसीलदार सरई चन्द्रशेखर मिश्रा द्वारा ग्राम पापल,मटिया, पुरैल, निगरी कटई, कुछ्वाही में शासकीय हैंडपंपों में सरहंगई से कब्जा करके मोटर डालकर निजी उपयोग कर रहे दबंग पर सख्त कार्रवाई की गई। तहसीलदार एवं राजस्व की टीम के साथ पुलिस एवं पीएचई विभाग भी साथ में था। टीम के आने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हलचल मच गई। कुछ अतिक्रमण करियों ने भय में आकर स्वयं ही रात को पंप निकाल लिए। कुछ प्रभावशाली दबंग के द्वारा कार्यवाही का प्रतिरोध किया गया परंतु प्रशासन के आगे उनकी एक न चली। कलेक्टर की टीम ने सख्ती से मोटर, सबमर्सिबल मशीन निकाल कर कब्जा मुक्त कराया गया। क्षेत्र के 9 हैंडपंप को मुक्त कराया गया। आम जनता के द्वारा कार्यवाही की सराहना की जा रही है। इस गभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा ने अपनी कर्मठता और प्रशासनिक तत्परता का परिचय देते हुए त्वरित कार्रवाई की। प्रशासन की इस सक्रियता से जनकल्याण की भावना को और बल मिला है तथा यह उदाहरण सिद्ध करता है कि ईमानदार नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव ह। टीम के द्वारा हैंडपंप के सुधार का कार्य भी सतत रूप से कराया जा रहा है। कार्यवाही में नायब तहसीलदार अमित मिश्रा देवकरण सिंह, राजस्व निरीक्षक, थाना सरई, चौकी प्रभारी बरका संदीप नामदेव, पटवारी महिपाल सिंह, अमर सिंह,शिवांश दहिया, केतन भाबर, रामखेलावन, श्यामाचरण दुबे कार्यवाही में सम्मिलित रहे।

# आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी लगातार हो रहे हैं भाजपा में शामिल



**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के जिला उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद प्रत्याशी रहे अर्जुन शाह ने अपने समर्थकों तथा आम आदमी पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के हाथ से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अर्जुन शाह की सदस्यता के मुख्य सूत्रधार अनिल शाह रहे जो विगत दिनों आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष पद को त्याग कर भाजपा में शामिल हुए थे।

भाजपा में शामिल होने वाले अर्जुन शाह ने सीधे तौर पर आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष एवं महापौर रानी अग्रवाल पर हमला बोला और कहा कि उनकी तानाशाही चरम पर है और आम आदमी पार्टी में कार्यकर्ताओं का दम घुटने लगा है । रानी अग्रवाल जमीनी और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर अपने निजी हितों को साधने में लगी हैं तथा पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी का बंटाधार हो गया है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का ईमानदारी की बात करना एक आडंबर मात्र है और ये सबसे बड़े भ्रष्ट हैं। हम सभी भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में सम्मिलित हो रहे हैं जहां सबका साथ और सबका विकास की बात होती है। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने इस अवसर पर कहा कि जो भी निष्ठावान कार्यकर्ता हमारे सिद्धान्तों से सहमत होकर और हमारी पार्टी की नीति पर अमल करके राष्ट्र हित और समाज हित के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहता है और वह स्वच्छ छवि का व्यक्ति हैं तो पार्टी में उसका स्वागत है। हम हर राष्ट्रवादी विचारधारा वाले व्यक्ति का सम्मान करते हैं और उसको काम करने का अवसर देते हैं।

# बालिका खुला आश्रय गृह की 25 बालिकाओं व 11महिला स्टाफ को आत्मरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री के नेतृत्व में डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा अरुण कुमार सोनी की देखरेख में स्वयंसिद्धा विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति सशक्त बनाना, उनके अधिकारों और कानूनों की जानकारी देना तथा महिला अपराधों में कमी लाना है इसी क्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित बालिका खुला आश्रय गृह की 25 बालिकाओं सहित 11महिला स्टाफ को आत्मरक्षा तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को विभिन्न परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने के व्यावहारिक एवं प्रभावी उपाय सिखाए गए।

# अलविदा जुमे की तैयारियां शुरू,5 हजार से अधिक नमाजी होंगे शामिल

## जिले के ग्रामीण इलाकों से शामिल होते हैं नमाजी

**सिंगरौली।** रमज़ानुल मुबारक का यह आखिरी आसरा चल रहा है , हर कोई छोटा बड़ा , महिला , पुरुष रोजे रख रहे हैं और आज 24 वां रोजा है , इस साल मौसम थोड़ा ठंडा गर्म होने से रोजा रखने में काफी आसानी है , इस्लाम धर्म में हर साल 10 दिन पीछे त्यौहार होता है जो तारीखों साल हिजरी के मुताबिक होता है , इसलिए सभी पर्व हर सीजन यानी ठंडी , गर्मी , बरसात में होते रहते हैं , शकील अहमद सिद्दीकी ने बताया कि इस साल रमज़ान मुबारक 2 मार्च से शुरू हुआ है , गर्मी स्टार्ट ही हुई थी कि बीच में कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है और मौसम ठंडा है इसलिए भी बहुत राहत है । इस रमज़ानुल मुबारक का आख़िरी जुमा अलविदा जुमा होगा जिसकी व्यापक तैयारियां जारी हैं ,शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों के लोग भी जामा मस्जिद में



अलविदा जुमा की नमाज़ के लिए आते हैं , मस्जिद अहले सुन्नत कैम्प्स में टेंट , साफ सफाई , पानी की व्यवस्था की गई है । अन्जुमन कमेटी हेड जामा मस्जिद के सदर मोहम्मद शाहनवाज खान ने कहा कि अलविदा जुमे की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था की जा रही है , ताकि नमाज़ियों को किसी तरह से कोई परेशानी नहीं हो , अन्जुमन कमेटी के कैशियर मोहम्मद हदीश खान ने कहा कि नमाज़ी हजरात अपने वाहनों कोनिर्धारित जगह पर ही खड़ी करें जिससे ट्रैफिक समस्या नहीं बने ।जामा मस्जिद में रमज़ान की पहली तारीख से शुरू हुई नमाज़े तरावीह 21 वी शब को पूरा हुआ , रोजाना डेढ़ पारे हज़रत हाफिज कारी मौलाना मुश्ताक़ अहमद साहब पढ़ रहे थे , उक्त समय शहरे काज़ी हज़रत वरिष्ठ मौलाना मंजूर अहमद ने अवाम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुरआन पाक तरावीह का पढ़ना और सुनना सभी के लिए सुन्नते मुअक्किदा हैइस दौरान काफी लोग मौजूद रहे ।रविवार को देखा जाएगा ईद का चांदरमज़ान का महीना 30 तारीख पूरा होने के बाद शुरू हुआ जिससे इस महीने शव्वाल यानी ईद के चांद 29 तारीख यानी मार्च की 30 तारीख को दिखने की पूरी संभावना है जिससे 31 मार्च सोमवार को ईद हो सकती है , अगर किसी वजह से चांद नहीं दिखा तो 1 अप्रैल मंगलवार को ईद होगी । ईद की नमाज़ सुबह 9 बजे विन्ध्यनगर रोड स्थित ईदगाह अहले सुन्नत में अदा की जाएगी ।

# नगर निगम में पत्नियों के साइन पर पतियों की हुकूमत

## नाम के लिए महिला पार्षद, सारे फैसले लेते हैं पति, कमिश्नर और कलेक्टर के बैठक में होते हैं शामिल

**सिंगरौली।** सरकार भले ही नगर निगम में महिला पार्षदों को 50 फीसदी आरक्षण देखकर महिला पार्षदों को सशक्त बनाने के लिए नीतियां लागू की है लेकिन सवाल यह हैं कि क्या महिलाओं को आरक्षण देने के बाद महिला पार्षद सशक्त हो पाई है। क्या पार्षद पति की तानाशाही पर रोक लग पाई है, इन सवालों के जवाब तलाशिए तो अलग तस्वीर सामने आती है. नगर निगम में भले ही 25 महिला पार्षद चुनकर आई है लेकिन दो-चार महिला पार्षदों को छोड़ दे तो लगभग 40 प्रतिशत महिला पार्षद सिर्फ नाम के लिए हैं। पूरा वार्ड महिला पार्षदों के पति संभालते हैं। कई बार तो कमिश्नर और कलेक्टर की बैठक में भी पति ही शामिल होते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम में 45 वार्ड है जिनमें 25 महिला पार्षद चुनी गई है। लेकिन महिला पार्षदों की मुश्किलें यह है कि भले ही वह




पार्षद है लेकिन उनके पति बैठक में आते हैं और उन पर अपनी मर्जी के फैसले करने का दबाव बनाते हैं। नगर निगम में महिला पार्षद भले ही जीत कर आई हैं लेकिन बैठकों में वह खुद फैसला न लेकर पति के निर्देश पर ही काम करती हैं। नगर निगम में जीत कर आई एक महिला पार्षद ने नाम न छापने के शर्त पर और अपना दो साल का तजुर्बा बताते हुए कहती है कि काम के सारे फैसले पति ही लेते हैं मेरा तो काम साइन करने का है. हालांकि कई ऐसे भी पार्षद पति हैं जो साइन भी खुद ही करते हैं।

बिना कोई चुनाव लड़े पार्षद महिला का पति अब पार्षद पति ना केवल वार्डो में काम करते हैं बल्कि कमिश्नर और कलेक्टर की बैठकों में भी शामिल होते हैं। पति पार्षद प्रतिनिधि बन जाते हैं। यहां तक की नगर निगम में आने वाले अफसरों को भी वे अपना यहीं परिचय देते है। नगर निगम में बैठकर महिला पार्षदों के स्थान पर कार्यों को संपादित करते हैं। हालांकि बैठकों में अधिकारी भी पार्षद पत्तियों के बैठने पर कोई आपत्ति नहीं करते लिहाजा पार्षद पतियों का भी मनोबल बढ़ गया हैं।

# नीजि विद्यालयो की फीस वृद्धि, एकल विंडो गणवेश एवं पुस्तक विक्रय को लेकर हेल्प लाईन नम्बर जारी

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा नीजि विद्यालयों के द्वारा मनमानी तरह से फीस वृद्धि एवं एकल विंडो गणवेश एवं पुस्तक विक्रय से संबंधित के रोकथाम के लिए जहा टीम गठित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिये गये है वही अभिभावको से अपेक्षा किया है कि यदि ऐसा किसी संस्था के द्वारा किया जा रहा है तो कलेक्ट्रेट कार्यालय में हेल्प लाईन नम्बर 9479955800 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जायेगा। विदित हो कि कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा अत्यधिक फीस वृद्धि, बुक स्टोर के माध्यम से एकल विंडो पद्धति के द्वारा बुक, ड्रेस विक्रय, छात्रों के साथ भेदभाव होने शारीरिक मानसिक उत्पीड़न को दृष्टिगत रखते हुये। साथ निजी विद्यालयों द्वारा की गई फीस वृद्धि, एनसीईआरटी के अतिरिक्त निजी प्रकाशकों कि किताबों की ब्रिकी और एक ही स्थान से ड्रेस और अन्य स्ट्रेशनरी खरीदने का दवाब बनाया जाने, छात्रों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न होना एवं शारीरिक मानसिक उत्पीड़न प्रतिषेध किया जाने, विद्यालय परिसर का क्षेत्रफल, वार्षिक ऑडिट, सेप्टी ऑडिट, इत्यादि आवश्यक अन्य बिन्दुओं से संबंधित आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर दल गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

# बंधा नार्थ कोल ब्लॉक का ड्रोन सर्वे, ग्रामीणों ने किया विरोध

## दानपत्र, अभिलेखों में नामांतरण, बटवारा में लगी है रोक, मौके में भारी संख्या में पुलिस बल रहा मौजूद

**सिंगरौली।** जिले के देवसर ब्लॉक के बंधा गांव में प्रस्तावित प्राइवेट कोल माइंस के ड्रोन सर्वे पर विवाद देखने को मिल रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने इस परियोजना के सर्वे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन बिना कोई नोटिफिकेशन जारी किए ड्रोन सर्वे करने लगा है। जो बिल्कुल गलत है। हालांकि भारी संख्या में पहुंची पुलिस बल को दोपहर में जमकर पसीना बहाना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार नए कोल ब्लॉक बंधा नार्थ का





प्रभावित ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया।आज कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर प्रभावित गांव का ड्रोन सर्वे किया जा रहा था। बंधा नार्थ कोल ब्लॉक में ग्राम पचौर, ग्राम बांधा, ग्राम पिडरवाह, ग्राम मझौली, ग्राम कुंदा की भूमियों का अधिग्रहण किया जाना है। इस कोल ब्लॉक को जय प्रकाश पावर लिमिटेड को एलाट किया गया है इसके पहले 17 मार्च 2025 को भू अर्जन अधिनियम की कार्यवाही किए जाने और परियोजना को आर्थिक क्षति से बचने के लिए प्रभावित गांव की भूमियों के क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई थी इसके अलावा दानपत्र अभिलेखों में नामांतरण, बटवारा आदि भी 17 मार्च को रोका जा चुका है। आज भारी संख्या में पुलिस बल के साथ देवसर एसडीएम के सामने सभी गांव में ड्रोन सर्वेक्षण प्रारंभ हुआ जिसका स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब यहां किसी भी तरह से भू अर्जन की कोई धारा नहीं लगाई गई है तो भला फिर ड्रोन सर्वे क्यों किया जा रहा है ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जिला प्रशासन कंपनी के पक्ष में काम कर रहा है वहीं मौके पर पहुंचे देवसर एसडीएम का कहना है कि वह सिर्फ कलेक्टर के निर्देश का पालन कर रहे हैं। अभी यहां किसी भी तरह से भू अर्जन की कोई प्रक्रिया नहीं चल रही है। इसके अलावा एसडीएम ने यह भी कहा है की जब यहां भू अर्जन की प्रक्रिया शुरू होगी तो शासन की गाइड लाइन के हिसाब से प्रभावित और विस्थापित लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। बहरहाल ड्रोन सर्वे के दौरान यहां एक सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीण इकट्ठे रहे और अपना विरोध दर्ज करवाया। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से भारी संख्या में कई थानों की पुलिस मौजूद रही।


कार्यालय वन मण्डल अधिकारी सीधी, जिला–सीधी (म0प्र0)

कोतवाली रोड, जिला- सीधी 486661 म.प्र. E-mail :- dfot.sdh@mp.gov.in Ph.07822-252235

क्रमांक/भण्डार/2025/निविदा/.2177 सीधी, दिनांक.18/03/2025

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

—00—

वन मण्डल अधिकारी सीधी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में वानिकी कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति वावत् एम0पी0 टेण्डर पोर्टल के माध्यम से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नानुसार है –

| क्र. | सामग्री का विवरण | एम.पी. ई–टेण्डर क्र. | पोर्टल पर प्रकाशन दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | फेंसिंग सामग्री–आर.सी.सी. पोल | 2025_MPFD_410422_1 | 25.03.2025 |
| 2 | प्रजातिवार पौधा | 2025_MPFD_410424_1 | 25.03.2025 |
| 3 | सड़ी हुई गोवर खाद/हड्डी चूरा/नीम खली/केंचुआ खाद (वर्मी कम्पोस्ट) | 2025_MPFD_410427_1 | 25.03.2025 |

उक्त ई–निविदा का प्रकाशन ई–प्रक्योर्मेन्ट पोर्टल – https://mptenders.gov.in पर किया जावेगा, ई–निविदा संबंधी समस्त विवरण पोर्टल पर प्रकाशन दिनांक से देखा, पढ़ा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। ई–निविदा संबंधी किसी भी प्रकार का संशोधन/शुद्धिपत्र या अन्य निविदा संबंधी सूचना केवल पोर्टल के माध्यम से प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। इच्छुक व्यापारीगण/संस्था/निविदाकार वानिकी कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु एम.पी. टेण्डर पोर्टल के माध्यम से सादर आमंत्रित है।

वन मण्डल अधिकारी
सीधी (म.प्र.)

जी-24696/24

# शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें: कलेक्टर

**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। गत माह शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग में निम्न प्रदर्शन करने वाले एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख शिकायतों के निराकरण की प्रतिदिन समीक्षा करें तथा शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायेगे। सभी विभाग प्रदेश में अपनी रैंक सुधारने पर ध्यान केन्द्रित करेंगे। सभी उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की खण्डस्तर पर नियमित समीक्षा करेंगे। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान समय-सीमा दर्ज प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने तथा उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि गत वर्षों की भांति वर्षाकाल में इस वर्ष भी वृहद पैमाने पर पौधरोपण का कार्य किया जाना है। संबंधित विभाग पौधरोपण के संबंध में कार्य योजना तैयार कर लें। पौधरोपण अभियान की सफलता के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। कलेक्टर ने कहा कि गौ-वंश के सड़कों पर रहने के कारण वर्षा के दिनों में कई सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इस वर्ष इन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कार्य योजना तैयार कर लें। जिले की सभी गौशालाओं को शीघ्रता से पूर्ण कर पेयजल एवं अन्य आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर गौ-शालाओं को क्रियाशील करायें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य मार्गों के किनारे की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों के पशुपालकों को चिन्हांकित कर उनका संवेदीकरण करें। सड़कों में पशुओं के पाए जाने पर संबंधित पशुपालकों पर जुर्माना लगाएं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्षा जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान खेत तालाब तथा अमृत सरोवरों का निर्माण किया जाना है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को उक्त के संबंध में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य शासन द्वारा कार्यालयों में कार्य प्रक्रिया में तेजी लाने एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली लागू करने एवं इसे अमल में लाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर द्वारा समस्त कार्यालय प्रमुखों के निर्देशित किया गया है कि वे ई-ऑफिस कार्य प्रणाली को लागू करने से संबंधित कार्यवाहियाँ जैसे शासकीय कर्मचारियों व अधिकारियों के व्यक्तिगत शासकीय ई-मेल आई.डी का निर्माण, मास्टर डेटाबेस तैयार करने के पश्चात ई-ऑफिस पोर्टल पर ऑन बोर्ड करना एवं कर्मचारियों व अधिकारियों को एनआईसी एवं जिला ई-गवर्नेंस द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधित कार्यवाहियाँ शीघ्र कर लें। कलेक्टर ने कहा कि उक्त कार्यवाहियां प्राथमिकता से करें जिससे शासन की मंशा अनुरूप ई-ऑफिस कार्य प्रणाली को जिले के कार्यालयों में तय समय-सीमा में लागू किया जा सके।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को बाल एवं कुमार श्रम रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण एजेंसी, खनिज विभाग, होटल एवं उद्योग से जुड़े विभाग इस संबंध में सदैव एलर्ट मोड में रहें। श्रम विभाग के अधिकारियों को संस्थानों की नियमित जांच करने तथा बाल श्रम को रोकने प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने अधिनियम के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत जिला सीधी प्रखण्ड सिहावल में जिला बैठक संपन्न



**सीधी।** जिला बैठक प्रखण्ड सिहावल खंड अमिलिया दा रॉयल पब्लिक स्कूल में समय 12.00 बजे दोपहर गणेश सिंह जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता जिला पालक राजेन्द्र सिंह प्रान्त सत्संग प्रमुख और पुजेरी लाल मिश्र विभाग मंत्री के उपस्थित में सर्व प्रथम मर्यादा पुरूषोतम भगवान राम दरबार पूजन व दीप प्राज्वलित स्वस्तिवाचन कर बैठक प्रारंभ हुई ।

बैठक में आठ प्रखंडों में से छः प्रखण्ड शामिल हुए केन्द्रीय मार्गदर्शन मण्डल द्वारा पारित प्रस्ताव का वाचन कर अनुमोदन किया गया। जिला पालक राजेन्द्र सिंह ने छः माह पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी छः माह की योजना पर चर्चा हुई। 30 मार्च 2025 विक्रम संवत्सर 2082 नव वर्ष, भगवान श्री राम के जन्मोत्सव, हनुमान जन्मोत्सव, सीता नवमी पर कार्यक्रम पर योजना बनाई गई सभी प्रखण्ड स्तर में भगवान श्री राम शोभा यात्रा और ग्राम समिति खण्ड समिति में छोटे छोटे कार्यक्रम होगे जिला स्तर में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा 30 मार्च से 6 अप्रैल तक भगवान श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम होगा जिले में दायित्व में परिवर्तन हुआ राजेन्द्र सोनी को नगर अध्यक्ष, भास्कर सिंह को जिला कोषाध्यक्ष प्रखण्ड सिहावल में श्रीमती सुशीला देवी रावत मातृशक्ति संयोजिका, आशुतोष को मठ मन्दिर अर्चक पुरोहित प्रखण्ड मझौली में मनोज द्विवेदी को प्रखण्ड सह मंत्री बैठक में जिले और प्रखण्ड पदाधिकारी उपस्थित रहे उक्त जानकारी धीरेश मिश्र प्रचार प्रसार प्रमुख ने दी।

## गेंहू विक्रय की समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीधी**

जिला आपूर्ति अधिकारी नागेंद्र सिंह ने जिले के समस्त किसान भाईयों को सूचित किया है कि म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में गेहूँ उपार्जन का कार्य 46 उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है। उपार्जन का कार्य निर्धारित दिनांक 17.03.2025 से 05.05.2025 के मध्य किया जाना है।

जिले के समस्त किसान जिन्होंने अपने गेहूँ की बिक्री अभी तक नहीं की है। निर्धारित नजदीकी खरीदी केन्द्र में अपना स्लॉट बुक कर अपने गेहूँ की बिक्री कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यालय में कमरा नम्बर-81 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। संदीप कुमार तिवारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं मनोज वर्मा पीएमसी ऑपरेटर नियुक्त किया गया है जिनका मोबाईल नम्बर -7000663880 एवं 8871580928 है। जिले के समस्त किसान अपनी गेंहू विक्रय की समस्याओं का निराकरण प्रातः 10 बजे से सायं 06 बजे तक करा सकते हैं।

## थाना मड़वास एवं सेमरिया के सीमा क्षेत्र के संबंध में सुझाव आमंत्रित

**सीधी।** अपर जिला दण्डाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा आदेश के माध्यम से जिला सीधी के पुलिस चौकी मड़वास एवं चौकी सेमरिया का थानें में उन्नयन करने के सहमति प्रदान की गई है। उक्त के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा उक्त थानों की सीमाध्अधिकार क्षेत्र का युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में आम नागरिकों से अपील की गई है कि उपरोक्त से संबंध में कोई सुझाव हो तो 03 दिवस के अंदर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के ई-मेल आईडी पर अथवा कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर प्रशिक्षण

**सीधी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने जानकारी देकर बताया है कि आयुक्त, महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार सीधी जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण 02 चरणों में ''पोषण भी पढ़ाई भी 2.0'' विषय पर आयोजित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त के पालन में प्रथम चरण में 03 दिवसीय प्रशिक्षण बाल विकास परियोजना कुशमी, मझौली, रामपुर नैकिन क्र. 01, रामपुर नैकिन क्र. 02, सीधी क्र. 01, सीधी क्र. 02 एवं सिहावल में प्रथम बैच का प्रशिक्षण दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च 2025 एवं द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 27 मार्च से 29 मार्च 2025 में आयोजित किया जा रहा है।



प्रथम चरण में 03 दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस दिनांक 24.03.2025 को बाल विकास परियोजना कुशमी अंतर्गत परियोजना कार्यालय का मीटिंग हॉल एवं वन विभाग रेस्ट हाउस भवन पोड़ी में, बाल विकास परियोजना मझौली अंतर्गत शीलू सगुन पैलेस मझौली एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडवास, बाल विकास परियोजना रामपुर नैकिन क्र. 01 अंतर्गत जनपद पंचायत सभागार रामपुर नैकिन एवं बाल विकास परियोजना रामपुर नैकिन क्र. 02 अंतर्गत सामुदायिक भवन चुरहट तथा बाल विकास परियोजना सीधी क्र. 01 अंतर्गत जनपद पंचायत सीधी सभागार, कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी सभागार व बाल विकास परियोजना सीधी क्र. 02 अंतर्गत आर.से.टी. युनियन बैंक प्रशिक्षण केन्द्र पुरानी सीधी, डाईट सीधी एवं बाल विकास परियोजना सिहावल अंतर्गत सामुदयिक भवन सिहावल, मंगल भवन बहरी अर्थात् जिले के कुल 13 स्थानों में कुल 1300 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा कोर्स डायरेक्टर के मार्गदर्शन में सफल प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण पूर्व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का ऑनलाइन प्री एवं पोस्ट पंजीयन कराया गया। साथ ही एवं साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के दौरान कोर्स डायरेक्टर द्वारा भी ऑनलाइन पंजीयन किया गया।

## बच्चों की सुरक्षा हेतु विद्यालयों एवं छात्रावासों के कर्मचारियों का किया जायेगा पुलिस सत्यापन

**सीधी।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के कर्मचारियों का पुलिस द्वारा सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये है। श्री सोमवंशी द्वारा समस्त विद्यालयों एवं छात्रावासों में बच्चों के सुरक्षार्थ एवं बच्चों के शिकायत व सुझाव प्राप्त करने हेतु शिकायत पेटी लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में अपर कलेक्टर अंशुमान राज, उपखंड मजिस्ट्रेट सीधी नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शांत शिरोमणि पयासी, सदस्य सचीन्द्र कुमार मिश्रा, रंजना मिश्रा, सिद्धार्थ तिवारी, अजीत कुमार द्विवेदी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बाल कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आर सी त्रिपाठी द्वारा स्पांसरशिप योजना के संबंध में समिति को विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुये बताया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के ऐसे बच्चों जिनके माता-पिता दोनो की मृत्यु हो गई है अथवा पिता की मृत्यु हो गई है और माता की आर्थिक स्थिति कमजोर है के लिये शासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु बालहितग्राही का नियमित विद्यालय जाना आवश्यक है एवं बालहितग्राही के माता की वार्षिक आय शहरी क्षेत्रो मे छियानवे हजार एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे बहत्तर हजार से कम होनी चाहिये। योजना के संबंध मे विस्तृत जानकारी नजदीकी आंगनवाडी केंद्र, परियोजना कार्यालय, अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई से प्राप्त की जा सकती है।

## पिस्टल लेकर बेच रहा था नशीली सिरप, पुलिस को देखते ही छूटा पसीना

**सीधी।** एमपी के सीधी में नशीली सिरप की बिक्री चल रही है. इस मामले पर शनिवार को पुलिस ने एक आरोपी पर कार्रवाई की है. जिले के खड़ी चौकी अंतर्गत ग्राम खैरा पन्ना पुल नहर और पहाड़ी के किनारे अवैध नशीली कफ सिरप कोरेक्स रखकर आरोपी बिक्री करने की कोशिश कर रहा था. कार्टून में कोरेक्स रखने की सूचना पुलिस को हुई. पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जब दबिश दी, तो आरोपी के कब्जे से कोरेक्स के साथ-साथ एक पिस्टल, 8 नाथ जिंदा कारतूस बरामद हुए।




आरोपी के कब्जे से पिस्तौल मिलने के बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर पुलिस चौकी लाने के बाद कड़ाई से पूछताछ की गई. नशीली कफ सिरप की खरीदी बिक्री वह पिस्टल के संबंध में पूरी जानकारी जुटाई जा रही है. बताया गया कि आरोपी रिंकू सिंह गोंड पिता छोटेलाल सिह गोड उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गिजवार थाना मझौली के द्वारा इस तरीके की घटना को अंजाम दिया जा रहा था. यह भी बताया गया कि काफी समय से चोरी छुपे तौर पर यह नशीली कफ सिरप की बिक्री करता था. युवाओं के बीच में एक नेटवर्क तैयार कर उन्हें अवैध नशीली कफ सिरप की सप्लाई करता था, जिसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस को जानकारी मिली है।

पुलिस के द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के पास से पिस्टल 7.65 एमएम व अवैध नशीली कफ सिरप को रखे जाने की जानकारी के बाद पुलिस के द्वारा आरोपी के कब्जे से पिस्तौल के साथ नशीली सिरप को भी जब्त किया गया. कोरेक्स की संख्या 100 शीशी जिसकी कुल कीमत 19500 रुपये है, साथ ही पिस्टल 7.65 एमएम एवं 08 नग जिंदा कारतूस एवं पोच लाल रंग के कीमती 125000 रुपये की एवं 100 शीशी ओनरेक्स नशीली कफ सिरप की कीमत 19500 रुपये थी. कुल कीमत 144500 रुपये को जब्त कर कब्जे पुलिस लिया गया. आरोपी रिंकू सिंह पिता छोटेलाल सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी गिजवार चौकी पथरौला थाना मझौली के विरुध्द केस दर्ज किया गया।

## विश्व क्षय दिवस पर निक्षय मित्र का सम्मान, रैली और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें निक्षय मित्रों का सम्मान किया गया और लोगों में क्षय रोग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रैली निकाली गई। यह कार्यक्रम कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. हिमेश पाठक जिला क्षय अधिकारी ने लोगों से अपील की कि अगर किसी को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, वजन घटना, भूख न लगना, खंखार के साथ खून आना, सीने में दर्द जैसे लक्षण हैं, तो उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य जांच केंद्र पर जाकर खंखार की जांच करानी चाहिए। इससे समाज से क्षय रोग को समाप्त करने में मदद मिल सकती है।

इस अवसर पर मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए गए और आशा सुपरवाइजर के लिए बेहतर स्वास्थ्य देखभाल हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डीपीएम पुष्पेन्द्र शुक्ला, डीपीसी असफाक अहमद, टीम लीडर जितेन्द्र सिंह चौहान, पीपीएसए, दीपक तिवारी, डीसी. पीपीएसए व एनटीईपी समस्त स्टॉफ कार्यक्रम को सफल बनाने में उपस्थित रहे। सभी आशा सुपरवाइजर, अधिकारी, कर्मचारी ने टीबी उन्मूलन हेतु शपथ ली।

# स्वरोजगार योजना के लक्ष्यों को अनिवार्य रूप से प्राप्त करें : कलेक्टर

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। सभी संबंधित विभाग एवं बैंकर्स स्वरोजगार योजना के लक्ष्यों को अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। प्रतिदिन समीक्षा कर प्रकरणों को स्वीकृत करें तथा ऋण का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे सभी प्रकरण जो स्वीकृत हैं उन्हे प्राथमिकता पर ऋण का वितरण किया जाना सुनिश्चित करायें। स्वरोजगार योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या भटकाव नहीं होना चाहिए। साथ ही



कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को सब्सिडी की राशि क्लेम करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने केसीसी के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत एवं वितरित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने जिले के सीडी रेशियो में वृद्धि के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंक जिले में जितनी अधिक आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं उतनी ही तेजी से आर्थिक क्षेत्र में विकास होता है। कलेक्टर ने कहा कि सीधी जिले के परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिकता सेक्टर को प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर कलेक्टर ने सम्भाव्यतायुक्त ऋण योजना 2025-26 का विमोचन किया।

### युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना लाभप्रद

डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगारपरक बनाना है। जिससे युवाओं को वास्तविक कार्यानुभव प्राप्त हो सके और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि हो। योजना में 21 वर्ष से 24 वर्ष आयु के युवा जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलीटेक्निक या स्नातक किये हैं और वे किसी अप्रेन्टिस या पूर्णकालिक रोजगार में न हो, ऐसे युवा पंजीयन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को इंटर्नशिप की अवधि में 5000 रूपये प्रति माह स्टायपेंड और एकमुश्त 6000 रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने होगी। इस योजना के द्वितीय राउंड में पंजीयन और प्रोफाइल पूर्ण करने एवं इंटर्नशिप अवसर में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 हो गयी है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, आरबीआई तथा नाबार्ड के प्रतिनिधि, लीड बैंक मैनेजर बृजेश श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# हिंसा अफवाह, राजनीति और समरसता पर गहरी चोट

अफवाहें जंगल में आग की तरह फैलती हैं। नागपुर में औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान एक समुदाय की धार्मिक पुस्तक जलाए जाने की अफवाह के बाद जिस तरह हिंसा और आगजनी हुई, उससे जाहिर है कि अफवाह किसी भी शहर और समाज के लिए घातक होती है। इस हिंसा में कई लोग जख्मी हो गए। कोई दोराय नहीं कि इस घटना ने शहर की समरसता पर चोट की है। पिछले कुछ वर्षों में देश में अलग-अलग राज्यों में हुई हिंसा की कई घटनाओं के पीछे किसी न किसी अफवाह की भूमिका पाई गई। मगर नागपुर में हिंसा के पीछे असल मुद्दा औरंगजेब की कब्र का है, जिसे हटाने के लिए पिछले कई दिनों से मांग उठ रही है।दुर्भाग्यवश न केवल इस पर राजनीति हो रही, बल्कि इस मुद्दे को जिस तरह हवा दी जा रही है, वह चिंता का विषय है। सभी जानते हैं कि इतिहास से जुड़ी धरोहरों को खत्म नहीं किया जा सकता। कोई सभ्य देश अपने इतिहास को मिटाता नहीं है। वह ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करता है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास को जानें और उससे सबक लें।नागपुर में हुई हिंसा को इसलिए भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए कि इस तरह की घटना से सामाजिक समरसता को गहरी ठेस पहुंचती है। तीन सौ साल से भी अधिक पुराने मुद्दे पर अचानक विवाद खड़ा करने के पीछे की राजनीति निराशाजनक है। इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। दुखद यह कि हिंसा ऐसे शहर में हुई, जहां हर धर्म और समुदाय के लोग वर्षों से सद्भाव के साथ रहते आए हैं।यह अपनी संस्कृति और विरासत के लिए जाना जाता है। यहां सभी मिल-जुल कर त्योहार मनाते और दुख-सुख साझा करते रहे हैं। मगर कटु सत्य है कि उपद्रवियों का कोई नैतिक मूल्य नहीं होता। उनमें मानवीय संवेदना नहीं होती। नागपुर में हिंसा भड़कने के पीछे कोई पूर्व नियोजित साजिश हो सकती है। यह जांच का विषय है। मगर इस समय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत है। नागपुर की खूबसूरती उसके सौहार्द में निहित है। इसे बचाना सभी का दायित्व है।

**नीतीशकुमार का व्यवहार एक समान नहीं रहा है। ऐसे दिन भी आए हैं जब कोई दुर्घटना नहीं हुई और वे नियंत्रण में दिखे, जैसे कि उनकी प्रगति यात्रा के दौरान, भले ही वे कई दिनों तक लोगों की नजरों में रहे हों। लेकिन ऐसे भी दिन आए जब कुमार ने इस तरह का व्यवहार किया कि उनके विरोधियों ने उनका मजाक उड़ाया और उनके समर्थकों को इसे सही ठहराना मुश्किल हो गया। भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि नीतीश कुमार अपने उतार-चढ़ाव भरे तरीकों से उबरेंगे। राष्ट्रीय जनता दल की सांसद मीसा भारती ने शुक्रवार को उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोचना चाहिए कि बिहार किसके हाथ में है।**

# नीतीश कुमार का अनियमित व्यवहार जारी रहने के कारण भाजपा किंकर्तव्यविमूढ़

अशोक भाटिया

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की टेंशन बढ़ी हुई है। इस टेंशन की वजह विपक्षी दल नहीं बल्कि सरकार में प्रमुख सहयोगी दल और बिहार के सीएम नीतीश कुमार हैं। नीतीश कुमार का अप्रत्याशित और अनियमित व्यवहार जारी रहने के कारण भाजपा किंकर्तव्यविमूढ़ है । बताया जाता है कि भाजपा का एक धड़ा उनके खराब स्वास्थ्य के नतीजों को लेकर चिंतित है। हालांकि पार्टी उनके नेतृत्व में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने पर अड़ी हुई है।

बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार उस स्थान को प्राप्त कर चुके हैं जहां पहुंचने का नसीब विरलों को ही मिलता है। फिलहाल देश की समकालीन राजनीति में देखें तो अजातशत्रु कहलाने का दावा केवल नीतीश कुमार ही कर सकते हैं। खुद लालू परिवार आज चौतरफा नीतीश कुमार पर हमले कर रहा है। पर नीतीश कुमार का साथ पाने के लिए परिवार के लोग अलग विचार रखते हैं। नीतीश कुमार तमाम विरोध के बावजूद अपने विरोध के स्तर को कम से कम लालू परिवार के लिए बहुत निचले स्तर पर नहीं ले जाते हैं। जबकि आरजेडी के साथ गठबंधन खत्म होने के बाद एक दौर ऐसा था तेजस्वी कितने दिनों तक एक्स पर लगातार नीतीश के लिए बहुत ही अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते रहे। नीतीश कुमार देश के एक मात्र ऐसे नेता हैं जिनके पक्ष और विपक्ष दोनों में बराबर शुभचिंतक हैं। एनडीए के खिलाफ इंडिया गठबंधन को धरातल पर लाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। जब से नीतीश कुमार ने इंडिया गुट को छोड़ा तब से लगातार यह गठबंधन कमजोर होता गया।यह नीतीश के व्यक्तित्व का ही कमाल है कि सिर्फ 2 परसेंट सजातीय वोट के साथ वे बिहार की राजनीति में 3 दशकों से सेंटर ऑफ अट्रेक्शन बने हुए हैं।

इस सबके बावजूद किसके दिन कब फिरते है और कब वह विवादों के घेरे में फंस जाता है कहा नहीं जा सकता । नीतीशकुमार भी कुछ समय से विवादों के घेरे में है । ताजा विवाद गुरुवार को पटना में हुआ। सेपक टकराव विश्व कप 2025 के उद्घाटन के बाद राष्ट्रगान की घोषणा होने पर कुमार अचानक मंच से उतर गए और प्रतिभागियों से हाथ मिलाने लगे। बाद में जब राष्ट्रगान बजा तो वे मुस्कुराते हुए खड़े हो गए और खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया।राष्ट्रगान का अपमान करने के कारण कुमार को राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। उनके इस हालिया कृत्य ने खूब वाहवाही बटोरी और विपक्षी दलों, राजद और कांग्रेस को आगामी राज्य चुनावों में इसका फायदा उठाने का मौका दे दिया, उनका तर्क है कि उनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें एक और कार्यकाल नहीं दिया जा सकता।

सूत्रों ने कहा कि भाजपा को जेडीयू और एलजेपी के साथ एक और कार्यकाल जीतने का भरोसा है, लेकिन पार्टी की चिंता यह है कि सार्वजनिक रूप से कुमार के अप्रत्याशित व्यवहार ने अक्सर विरोधियों को मौका दिया है। हालांकि, पार्टी का मानना है कि कुमार एक मूल्यवान भागीदार बने रहेंगे और आरजेडी के जंगल राज की यादें सत्ता विरोधी भावना की किसी भी संभावना को खत्म कर देंगी।

नीतीशकुमार का व्यवहार एक समान नहीं रहा है। ऐसे दिन भी आए हैं जब कोई दुर्घटना नहीं हुई और वे नियंत्रण में दिखे, जैसे कि उनकी प्रगति यात्रा के दौरान, भले ही वे कई दिनों तक लोगों की नजरों में रहे हों। लेकिन ऐसे भी दिन आए जब कुमार ने इस तरह का व्यवहार किया कि उनके विरोधियों ने उनका मजाक उड़ाया और उनके समर्थकों को इसे सही ठहराना मुश्किल हो गया। भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि नीतीश कुमार अपने उतार-चढ़ाव भरे तरीकों से उबरेंगे।



राष्ट्रीय जनता दल की सांसद मीसा भारती ने शुक्रवार को उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोचना चाहिए कि बिहार किसके हाथ में है। भारती ने कहा कि राष्ट्रगान के दौरान बिहार के सीएम नीतीश कुमार शारीरिक और मानसिक रूप से ठीक नहीं दिखे। मैं पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछना चाहती हूं कि क्या आपको उनकी मानसिक स्थिति ठीक लगी। वह हर दिन महिलाओं, बच्चों का अपमान करते रहते हैं। पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोचना चाहिए कि बिहार किसके हाथ में है।

कहा तो यहाँ तक जाता है कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार की सेहत ठीक नहीं है। वे अपने को बीमार भले न बताएं या मानें, पर यह सत्य अब छिपा नहीं है। पटना में चल रहे एक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के वक्त होने वाले राष्ट्रगान के दौरान नीतीश कुमार की असामान्य हरकत सबने देखी ऐसी घटनाएँ लंबे समय से चली आ रही इस आशंका की पुष्टि हुई कि वे मानसिक तौर पर सहज और सचेत नहीं हैं। उनकी बीमारी का पहला संकेत तो उसी दिन सार्वजनिक हो गया था, जब दो साल पहले उन्होंने अपने जनता दरबार में खुद को ही खोजना शुरू किया था। वे बार-बार अपने अधिकारियों से गृह मंत्री को बुलाने की जिद कर रहे थे। अधिकारी भी हतप्रभ थे। किसी की यह कहने की हिम्मत नहीं हुई कि जिसे आप खोज रहे हैं, वह तो आप खुद हैं। नीतीश कुमार ही सीएम की जिम्मेवारी के साथ गृह मंत्री भी हैं। अधिकारियों और नीतीश के करीबी नेताओं ने इतना भर ही किया कि जनता दरबार का सिलसिला रोक दिया गया।

पता नहीं, इस बीमारी का पता चलने पर उनकी पार्टी जेडीयू के नेताओं या सरकार में शामिल भाजपा के नेताओं ने भी क्यों उनके इलाज की जरूरत नहीं समझी। संभव है कि उनका इलाज हो भी रहा हो, लेकिन इस बारे में कभी किसी ने कोई जानकारी बिहार की 13 करोड़ जनता को देने की जरूरत नहीं समझी। नतीजतन नीतीश कुमार की असामान्य हरकतें बढ़ती गईं। विपक्ष ने इसे राजनीतिक मुद्दा बना लिया है। सत्ता पक्ष उन्हें फिट साबित करने का अनावश्यक प्रयास कर रहा है। जहां नीतीश कुमार को अपनी इस हालत के लिए सहानुभूति की जरूरत है, वहां उन्हें दुत्कारने की कोशिश विपक्ष की ओर से हो रही है।

नीतीश कुमार के बारे में लोगों की यह आम धारणा रही है कि वे गंभीर नेता हैं। नपे-तुले और सधे शब्दों में अपनी बातें रखने वाले नीतीश के स्वभाव में अचानक आए इस परिवर्तन को विपक्ष ने राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने राष्ट्रगान के वक्त नीतीश कुमार की हरकतों को राष्ट्रगान का अपमान माना है और इसे राष्ट्रवाद से जोड़ कर उन्हें कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। उनके बेटे तेजस्वी यादव भी नीतीश कुमार को बीमार बता कर उनका उपहास उड़ा रहे हैं। लालू की पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी के स्वर में जरूर व्यंग्यात्मक सहानुभूति दिखती है। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार को अब सीएम पद छोड़ देना चाहिए। उन्हें अपने बेटे निशांत को ही सीएम बना देना चाहिए।

**दोष एयरलाइन का नहीं, यात्रियों का ही था, जिन्होंने पॉलिथीन, तौलिया, चादर, अंडरवियर, डायपर से लेकर न जाने क्या-क्या फ्लश कर दिया था। ये सारा सामान शौचालयों की पाइपलाइन में फंसा मिला, जिनकी वजह से वे चोक हो गए थे। आखिरकार एयरलाइन को पैसेंजर्स से अपील करनी पड़ गई कि कृपया शौचालयों का इस्तेमाल उसी काम के लिए करें, जिसके लिए वे बने हैं। शौच की साफ-सफाई का अगर क्लास से ही संबंध होता तो पुणे का 22 वर्षीय युवक बीच सड़क गंदगी नहीं करता।**

# जंगल में जाने के ही लायक

(अक्षय शुक्ला)

पिछले कुछ वर्षों में लोग साफ-सफाई को लेकर थोड़े बहुत जागरूक हो गए हों, लेकिन शौचालय इस्तेमाल करने का सलीका आज तक नहीं सीख पाए। सार्वजनिक शौचालयों में लोग ऐसी गंद मचाते हैं कि मजबूरी में कभी जाना पड़ जाए तो अंदर चंद सेकंड खड़े रहना भी मुश्किल हो जाता है।

रेलगाड़ियों में भी बायो टॉयलेट लगने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। पूरा वॉशरूम गीला और बदबू से भरा रहता है, जो कोच की शुरुआती सीटों तक फैल जाती है। इसी वजह से अब ट्रेन से लंबी दूरी की यात्रा करने में घबराहट होने लगी है। जिस रात सफर करना होता है, उस दिन कम पानी पीने की कोशिश करता हूं कि रेलगाड़ी में जाने की नौबत न आए।

टॉयलेट मैनर्स को आप किसी क्लास से भी नहीं जोड़ सकते क्योंकि ट्रेन ही नहीं हवाईजहाज़ों का भी यही हाल हो गया है। बल्कि वहां तो लोग और अजीब हरकतें कर रहे हैं। हाल ही में शिकागो से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को बीच रास्ते लौटना पड़ा क्योंकि उसके 12 में से 8 टॉयलेट चोक हो गए थे।

दोष एयरलाइन का नहीं, यात्रियों का ही था, जिन्होंने पॉलिथीन, तौलिया, चादर, अंडरवियर, डायपर से लेकर न जाने क्या-क्या फ्लश कर दिया था। ये सारा सामान शौचालयों की पाइपलाइन में फंसा मिला, जिनकी वजह से वे चोक हो गए थे। आखिरकार एयरलाइन को पैसेंजर्स से अपील करनी पड़ गई कि कृपया शौचालयों का इस्तेमाल उसी काम के लिए करें, जिसके लिए वे बने हैं।

शौच की साफ-सफाई का अगर क्लास से ही संबंध होता तो पुणे का 22 वर्षीय युवक बीच सड़क गंदगी नहीं करता। अपनी बीएमडब्लू गाड़ी रोड पर ही रोककर चलते ट्रैफिक के बीच पेशाब करने वाले इस युवक के कृत्य पर एक शख्स ने आपत्ति जताई तो वह उल्टा उससे बदतमीजी करने लगा। उस शख्स ने विडियो बनाना शुरू किया तो युवक और अश्लीलता पर उतर आया। यानी चोरी, ऊपर से सीनाजोरी। यही नहीं, साहबज़ादे गाड़ी में शराब भी पी रहे थे। विडियो वायरल हुआ, पुलिस ने एक्शन लिया तो माफी मांगते नज़र आए।



देश के सभी शहरों में हर थोड़ी दूर पर सार्वजनिक शौचालय हों तो शायद ऐसे दृश्य देखने को न मिलें। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में बाज़ारों और दूसरी कई पब्लिक प्लेस पर शौचालयों का निर्माण हुआ है, लेकिन उनकी हालत भी कोई बहुत अच्छी नहीं। पुरुष तो फिर भी इस्तेमाल कर लेते हैं, पर असली दिक्कत महिलाओं को होती है। ऐसी जगहों पर उन्हें इन्फेक्शन का सबसे अधिक खतरा रहता है, इसलिए ज्यादातर महिलाएं सार्वजनिक शौचालयों का इस्तेमाल करने से कतराती हैं। बाहर अधिक वक्त तक रहना हो तो वे पानी ही नहीं पीतीं।

पिछले दिनों पत्नी के साथ नोएडा के एक बाज़ार में थे। पत्नी को ज़रूरत पड़ी, लेकिन वहां के शौचालय की इतनी बुरी हालत थी कि मजबूरी में हमें वहां से चार किलोमीटर दूर एक मॉल तक जाना पड़ा। सरकार ने अभियान के तहत जगह-जगह सार्वजनिक शौचालय तो बनवा दिए लेकिन उनकी देखरेख और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने का कोई ख्याल नहीं रखा।

खुले में शौच को खत्म करने के लिए हर घर टॉयलेट का अभियान ज़रूर चल रहा है, लेकिन लगता है साथ ही में लोगों को सफाई का तौरतरीका भी सिखाने की ज़रूरत है। क्योंकि ये सारी खबरें पढ़कर तो यही लगता है कि जंगल से सभ्यता तक के सफर में हमने कुछ नहीं सीखा। अरे, जानवर भी पॉटी करने के बाद अपने पैरों से उस पर धूल छिड़क देता है। उसे भी इतनी समझ है, पर हमें नहीं। खुले में शौच भले ही खत्म होता जा रहा हो, लेकिन हमारी आदतें देखकर लगता है कि हम आज भी जंगल में जाने के ही लायक हैं। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5680

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | | 8 | | 9 | |
| | | 10 | | | | 11 | |
| 12 | 13 | | | | 14 | | |
| | 15 | | 16 | | 17 | | |
| 18 | | | 19 | | | 20 | 21 |
| | 22 | 23 | | | 24 | | |
| | | | | 25 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ में अपना पहला भाषण दिया (6)
7. सुगंध, खुशबू, महक (3)
8. नितांत, बिल्कुल (4)
10. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (3)
11. नतीजा, परिणाम (2)
12. मेघ, घटा (3)
14. अत्यधिक पुंटा, कचूमर, चोखा (3)
15. नौका, आदेश पत्र (3)
17. लाकर उपस्थित करना, ले आना (2)
18. पथ, मार्ग, रास्ता (2)
19. नेत्र, आंख, नयन (2)
20. तौल की एक सूक्ष्म इकाई जो एक तौला का बारहवां हिस्सा होती है (2)
22. मुग्ध होना, प्रसन्न होना (3)
25. सहानुभूति करने वाला, दुख-दर्द का साथी (4)

**ऊपर से नीचे**
1. माता दुर्गा के नामों में से एक, शारदा (4)
2. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
3. किसी का हक या अधिकार मारा जाना, स्वत्वहानि (5)
4. काबिल, योग्य (3)
5. भाग्य (अंग्रेजी)(2)
6. आसानी, सहजता, सुगमता (4)
9. संपूर्ण यात्रा का वृतांत (5)
13. आम का एक प्रकार (4)
14. नेक, शिष्ट, कल्याणकारी (2)
16. संगीत में ताल के अनुसार शरीर के अंगों को संचालित करना, नृत्य करना (3)
21. चेला, शिष्य, जॉय मुखर्जी, सायरा बानों, आई.एस.जौहर आदि की भूमिकाओं वाली सफल फिल्म (3)
23. तुरंत, जल्दी से (2)
24. आकाश, गगन, नभ, आसमान (2)

**वर्ग पहेली 5679 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रू | ण | शौ | री | | प | र्व |
| मा | ह | | क | ज | रा | रा | |
| न | | रे | | न | त | | वा |
| वी | र | | सु | | औ | ला | द |
| य | ज्ञ | मा | न | | र | म | क |
| | ब | न | ने | | दि | | |
| य | | | | म | न | मौ | जी |
| श | कु | नि | | घा | | का | जी |

# सूर्य की रोशनी और सेहत से टूटता रिश्ता

विजय गर्ग

विटामिन डी एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसे अक्सर सनशाइन विटामिन भी कहा जाता है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से सूर्य की रोशनी से प्राप्त होता है। हमारे शरीर में यह विटामिन हड्डियों को मजबूत कैल्शियम और फास्फोरस के संतुलन को दुनिया बनाने, बनाए रखने तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हाल के वर्षों में विटामिन डी की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर कर सामने आई है। आधुनिक जीवनशैली, शहरीकरण, प्रदूषण और दफ्तर तथा घर के भीतर लगातार रहने के कारण बहुत से लोगों में विटामिन की कमी हो रही है। यह कमी न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती है, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिलते हैं। सूर्य की किरणें हमारे जीवन का एक अनमोल उपहार हैं, लेकिन आज के समय में लोग कंप्यूटर, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ इतने व्यस्त हो गए हैं कि वे बाहरी वातावरण में निकलने का समय ही नहीं निकाल पाते। परिणामस्वरूप उन्हें सूर्य की किरणों का लाभ नहीं मिल पाता।

कुछ बड़े शहरों में जहां वातावरण में प्रदूषक कण अधिक मात्रा में होते हैं, वहां सूर्य की किरणें धरती कम पहुंच पाती हैं। इसके अलावा लोग विटामिन डी के प्राकृतिक स्रोतों को समझने और अपनाने में असमर्थ रहते हैं, जिसके कारण उन्हें इस पोषक तत्त्व की कमी होती है। दरअसल, , हमारे शरीर को आवश्यक मात्रा में यह विटामिन प्राप्त करने के लिए सूर्य की रोशनी के साथ-साथ संतुलित आहार भी उतना ही अहम है। कुछ परिस्थितियों में डाक्टर की सलाह पर पूरक के रूप में भी उपयोग किया जाता जाता है, लेकिन यह ध्यान रखना आवश्यक है कि इसकी सही खुराक और सही तरीके से उपयोग ही लाभकारी होता है। आजकल के खानपान में पौष्टिकता की कमी हो गई है। जहां पहले लोग ताजे फल-सब्जियां और प्राकृतिक रूप से उगाए गए खाद्य पदार्थों का सेवन करते थे, वहीं अब फास्ट फूड और प्रसंस्कृत खाद्य का चलन ज्यादा ही बढ़ गया है। इन खाद्य पदार्थों में विटामिन डी की प्राकृतिक मात्रा नहीं होती, जिससे शरीर को इस विटामिन की कमी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, कुछ लोग आहार में विविधता न होने के कारण आवश्यक पोषक तत्त्वों को संतुलित रूप से नहीं ले पाते, जिसके चलते उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस समय समाज में विटामिन डी की कमी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। जब लोगों को इस विटामिन की महत्ता का पता चलता है, तो वे अपनी जीवनशैली में आवश्यक बदलाव लाते हैं। यह आवश्यक भी है। मसलन, नियमित रूप से थोड़ी-थोड़ी देर के लिए बाहर निकलना, प्राकृतिक धूप का लाभ उठाना, संतुलित आहार लेना और आवश्यकतानुसार पूरक का सेवन करना इस कमी को दूर करने में सहायक हो सकते हैं।

जब हम इस कमी के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों की बात करते हैं, तो हमें यह समझना होगा कि यह केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। जब बड़ी संख्या में लोग विटामिन डी की कमी से ग्रस्त हो जाते हैं, तो यह स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर अतिरिक्त बोझ डालता है।

## आज का राशिफल

**मेष**
आज वैवाहिक जीवन आनंददायक रहेगा और आप सुखी रहेंगे। आज आप छोटी या लंबी यात्रा कर सकते हैं और कारोबार में तरक्की से आपको खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा।

**वृष**
आज जीवनसाथी को अचानक स्वास्थ्य समस्या हो सकती है और इस कारण से आपकी भागदौड़ और खर्च बढ़ सकता है। किसी संपत्ति को खरीदते या बेचते समय उसके सभी कानूनी पहलुओं पर ध्यान दें।

**तुला**
आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष सफलता मिल सकती है और आपके लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। आपको आपकी बोलने की कला का लाभ मिलेगा और आपके लिए तरक्की के योग बनेंगे।

**वृश्चिक**
आज कोई कीमती चीज या संपत्ति मिल सकती है और आपके पिता का आशीर्वाद और बड़े अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। बेहतर होगा कि आप फिजूलखर्ची से बचने की कोशिश करें।

**मिथुन**
आज व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। आप व्यापार में बदलाव की योजना बना सकते हैं और आपको प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी।

**कर्क**
आज घर के सामान पर खर्च करना पड़ सकता है और आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है और आप पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें, आपका धन फंस सकता है।

**धनु**
आज दिन शुभ है और आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा। आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा और आपका मन शुभ कार्य में लगेगा। मुश्किल परिस्थितियों में अपने गुस्से पर काबू रखें।

**मकर**
आज दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव हो सकते हैं। ये बदलाव आपके साथ काम करने वालों के लिए थोड़ी परेशानी ला सकते हैं। आपकी मदद करने की आदत के कारण आज आप दूसरों की मदद करने में व्यस्त रहेंगे।

**सिंह**
आज लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपके धन, सम्मान, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। अपनों से मुलाकात होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**कन्या**
आज राजनीति के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। आप अपने बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे और आपको लाभ होगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और आपकी सेहत थोड़ा बिगड़ सकती है।

**कुंभ**
आज अचानक धन लाभ हो सकता है और आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। आपको कारोबार में जुड़ी योजनाओं में तेजी आएगी।

**मीन**
आज दिन परिवार के साथ खुशी में बीतेगा और आपको दोपहर तक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी सेहत का ध्यान रखें और शाम को कोई खास मेहमान आपके घर आ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बजट से पहले इस बार हलवा नहीं, खीर सेरेमनी... भगवान राम को भोग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के तहत दिल्ली विधानसभा का पहला बजट सत्र सोमवार को सुबह 11 बजे शुरू हुआ और 28 मार्च तक चलेगा। राष्ट्रीय राजधानी का बजट 25 मार्च को पेश किया जाएगा, जो नए प्रशासन के तहत एक महत्वपूर्ण वित्तीय नीति बदलाव को चिह्नित करेगा। सदन की कार्यसूची के अनुसार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वित्तीय समितियों के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश करेंगी, जो विधानसभा के वित्तीय शासन में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। दिल्ली विधानसभा का पांच दिवसीय बजट सत्र सोमवार को खीर समारोह के साथ शुरू हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खुद खीर बनाई और फिर भगवान राम को भोग लगाया। पांच दिवसीय बजट सत्र की शुरुआत खीर समारोह के साथ हुई। पहले दिन 2024 के लिए दिल्ली परिवहन निगम पर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (ष्टन्न) की रिपोर्ट पेश किए जाने की संभावना है। मंगलवार को, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जो वित्त विभाग भी संभालती हैं, 27 वर्षों में भाजपा सरकार का पहला बजट पेश करेंगी। सत्र की शुरुआत एक अनोखे और प्रतीकात्मक भाव से हुई। सुबह 9 बजे एक पारंपरिक खीर समारोह हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सदस्यों को खीर (एक पारंपरिक भारतीय चावल का हलवा) परोसकर सत्र की शुरुआत की, जिससे कार्यवाही में एक सांस्कृतिक स्वाद जुड़ गया। इस साल का दिल्ली बजट सत्र काफी महत्वपूर्ण है, जो 2025 के विधानसभा चुनावों में 27 साल बाद सत्ता में लौटी नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के तहत पहला वित्तीय खाका पेश करेगा। 24 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित पहले सत्र के बाद यह सत्र नए प्रशासन का दूसरा सत्र होगा। पिछले साल के बजट के विपरीत, जिसे आम आदमी पार्टी (आप) ने मार्च 2023 में 76,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ पेश किया था और जिसका विषय राम राज्य था, इस साल की वित्तीय योजना एक नया दृष्टिकोण लेकर आई है। विकसित दिल्ली बजट शीर्षक से, भाजपा सरकार के प्रस्ताव में राजधानी भर में समग्र विकास के लिए एक रोडमैप का वादा किया गया है।

### अमेठी में बुजुर्ग का ट्रेन से कटा शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**अमेठी , एजेंसी।** अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में सहजीपुर हाल्ट के पास सोमवार को एक बुजुर्ग का ट्रेन से कटा शव बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गूजीपुर गांव के निवासी भगौती दीन (80) का शव आज सुबह रेलवे ट्रैक के पास मिला है। ट्रेन से कटने से शव क्षत-विक्षत हालत में था। थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संदीप राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है।

### मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में अलग-अलग अभियानों के दौरान पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद हुआ है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके) (पीआरओ) के तीन सदस्यों को रविवार को बिष्णुपुर जिले के कुम्बी तेराखोंग से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए उग्रवादियों की पहचान ओइनम अबुंग मेइती (31), युमलेम्बम रोमेश सिंह (47) और आर के नेवी मेइती (32) के रूप में हुई है। उनके पास से बरामद की गई सामग्री में .303 एलएमजी, दो .303 एलएमजी मैगजीन और गोला-बारूद शामिल हैं। संगठन के एक अन्य सदस्य को इंफाल पूर्वी जिले के मंत्रिपुखरी बाजार से गिरफ्तार किया गया और उसकी पहचान मोहम्मद ताज खान उर्फ ??रोमेन (37) के रूप में की गई है। उस पर स्थानीय दुकानों से जबरन वसूली करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट' (यूएनएलएफ) के एक सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के निंगोमवम लमखाई से गिरफ्तार किया गया और उसकी पहचान शगोलशेम प्रबीन सिंह (27) के रूप में हुई है। इसने कहा कि प्रबीन सिंह जबरन वसूली की घटनाओं में शामिल था।

### आंध्र के राजमुंदरी में महिला और बेटी की हत्या

**राजमुदंरी, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के राजमुदंरी के बोम्मुरु में रविवार को 37 वर्षीय महिला और उसकी 17 वर्षीय बेटी की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। राजमुंदरी पूर्व के उप विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बी विद्या ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दोनों मां-बेटी को राजमुंदरी ग्रामीण क्षेत्र के हुकुमपेट के डी-ब्लॉक में उनके आवास पर खून से लथपथ पाया। विद्या ने बताया, ''मां की पहचान मोहम्मद सलमा के रूप में हुई है।'' उन्होंने बताया कि पुलिस अपराध के सिलसिले में पी. शिव कुमार की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि कुमार (20) मां और बेटी के साथ रह रहा था और माना जा रहा है कि उसका नाबालिग लड़की के साथ संबंध था। पुलिस ने बताया कि कुमार, सलमा और नाबालिग लड़की पिछले चार दिनों से एक साथ थे, जबकि सलमा का भाई भी रविवार रात एक बजे तक उनके साथ था। हालांकि, जब सलमा का भाई मीट की दुकान से काम से लौटा, तो उसने उन्हें मृत पाया और तुरंत पुलिस को बुलाया।

# दिल्ली में बिना हेलमेट पहने चलाया टू-व्हीलर तो होगी सख्त कार्रवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो पहिया वाहन पर चलने वाले कई लोग बिना हेलमेट के ही सवारी करते है। ऐसे लोगों के खिलाफ अब दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को हेलमेट संबंधी उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है।

इस कार्रवाई में दोषियों के ड्राइविंग लाइसेंस को अयोग्य घोषित करना, रद्द करना और चालान लगाना शामिल है। ये निर्देश उन निर्देशों का हिस्सा हैं जो पिछले महीने के अंत में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात मुख्यालय) सत्यवीर कटारा द्वारा सभी यातायात पुलिस कर्मियों को भेजे गए परिपत्र में दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए जारी किए गए थे।

अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 40त्न मौतें दोपहिया वाहन सवारों की हुई थीं - राष्ट्रीय राजधानी में हुई दुर्घटनाओं में 611 सवार मारे गए और 2,233 घायल हुए। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल सड़क दुर्घटनाओं में कुल 1,551 लोगों की जान चली गई।

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोपहिया वाहन चालकों की मौत के कारणों के विश्लेषण से पता चला कि उनमें से कई या तो बिना हेलमेट के थे या उन्होंने अपना सिर ठीक से नहीं बांधा था,



जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। हेलमेट की खराब गुणवत्ता भी मौतों का एक अन्य कारण थी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा, यातायात के प्रवाह के विपरीत चलना, तेज गति से वाहन चलाना और लाल बत्ती का उल्लंघन करना भी वाहन चालकों की मौत और चोट लगने के अन्य कारण हैं।

मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम की धारा 129 के अनुसार, चार वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को, जो दोपहिया वाहन चला रहा हो या उस पर बैठा हो, सार्वजनिक स्थान पर अच्छी गुणवत्ता वाला सुरक्षात्मक हेडगियर पहनना अनिवार्य है। नियमों के अनुसार, हेलमेट नियमों का उल्लंघन करने पर 1,000 का जुर्माना लगता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों को अपराध को कम करने का अधिकार है। एमवी एक्ट की धारा 206 की उपधारा 4 के अनुसार, अपराधी/सवार का लाइसेंस जब्त किया जा सकता है और धारा 19 के तहत अयोग्यता या निरस्तीकरण की कार्यवाही के लिए लाइसेंसिंग प्राधिकारी को भेजा जा सकता है। हमने सभी ट्रैफिक अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे निर्देशों का पालन करें, कटारा ने परिपत्र में कहा।

### छत्रपति संभाजी महाराज का एक बड़ा स्मारक बनाया जाना चाहिए: रामदास आठवले

**मुंबई, एजेंसी।** हिंदू संगठन छत्रपति संभाजीमहाराज नगर से औरंगजेब की कब्र हटाए जाने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर प्रदर्शनों के बाद ही नागपुर में हिंसा भड़क गई। अब केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा है कि मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को छत्रपति संभाजीनगर से हटाने का कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कब्र हटाना उतना जरूरी नहीं है जितना वहां पर छत्रपति संभाजी महाराज का स्मारक बनाना है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री आठवले ने कहा, 'औरंगजेब की कब्र हटाने से कोई समाधान नहीं निकलेगा। उनकी कब्र मत हटाओ। लेकिन संभाजीनगर में छत्रपति संभाजी राजे का भी एक बड़ा स्मारक होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि औरंगजेब की कब्र पुरातत्व विभाग के तहत आता है और वह उसकी सुरक्षा में है। आठवले ने कहा कि संभाजी महाराज की विचारधारा को लेकर हमें आगे चलना है लेकिन देश में शांति रहनी चाहिए । मंत्री ने मुसलमानों से भी औरंगजेब से अपना नाता न जोड़ने का आवाह किया। उन्होंने कहा, मुस्लिम समाज से मेरा निवेदन है कि आप औरंगजेब से अपना नाता मत जोड़िए। यहां के मुस्लिम हिंदू थे। यहां के मुसलमान औरंगजेब की औलाद नहीं है। उनके साथ उनका कोई संबंध नहीं है।

### एक ही दिन में 2 बार बना दूल्हा, पहले प्रेमिका से कोर्ट मैरिज, रात में घरवालों की पसंद से की शादी



**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर में रहने वाले एक युवक ने एक ही दिन में दो शादियां कर लीं। प्रेमिका के साथ दिन में कोर्ट मैरेज और रात में घरवालों के कहने पर दूसरी युवती से ब्याह रचा लिया। दूसरी शादी करने के बाद प्रेमिका से किनारा कर लिया। दो दिन बाद प्रेमिका को जब यह पता चला कि युवक ने दूसरी शादी कर ली है तो वह उसके घर पहुंच गई। उसकी बातें सुनने के बाद घरवालों ने उसके चरित्र पर लांछन लगाते हुए घर से भगा दिया। उसकी शिकायत पर एसपी नार्थ ने इलाका पुलिस से जांच कर दो दिन में रिपोर्ट मांगी है। हरपुर बुदहट इलाके की युवती का गांव के पास के ही बिरादरी के एक युवक से प्रेम संबंध था। करीब चार वर्ष बाद दोनों ने मंदिर में शादी की और फिर लिवइन में रहने लगे, लेकिन घरवालों को इसकी जानकारी नहीं दी। इस बीच युवक के घरवालों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी। युवक को इसकी जानकारी हुई तो उसने अपनी प्रेमिका से यह बात साझा की और कहा कि घरवालों का दबाव है। उधर, घरवालों ने शादी की तारीख भी तय कर दी। इसकी जानकारी प्रेमिका को हो गई तो युवक ने उसे एक बार फिर झांसे में लिया।

उसने कहा, शादी से पहले ही कोर्ट मैरेज कर लेते हैं और इसकी जानकारी घरवालों को देने पर वे हम लोगों के रिश्ते को मानने पर मजबूर हो जाएंगे। कोर्ट मैरेज की तारीख भी वही तय हुई, जिस दिन घरवालों ने उसकी शादी निश्चित की थी। सुबह कोर्ट खुलते ही युवक ने प्रेमिका से कोर्ट मैरेज की और दोनों घर चले आए। इसके बाद वह घरवालों को समझाने की बात कहते हुए युवक प्रेमिका के घर से निकला और शाम को दूसरी शादी करने पहुंच गया।

### मेघालय में तपेदिक के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभा रहीं महिलाएं

**शिलांग, एजेंसी।** मेघालय में तपेदिक (टीबी) के खिलाफ लड़ाई में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और सरकार ग्रामीणों को बीमारी की जांच के लिए प्रोत्साहित करने के सिलसिले में महिला स्वयं सहायता समूहों की मदद ले रही है। हर परिवार में कम से कम एक सदस्य महिला स्वयं समूह का हिस्सा है और परिवार पर उसका काफी प्रभाव है। री भोई जिले के उपायुक्त अभिलाष बरनवाल ने बताया कि राज्य में इन समूहों का नेटवर्क बहुत मजबूत है। बरनवाल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि इन स्वयं सहायता समूहों में से एक महिला को सामुदायिक लैंगिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (सीजीएचए) के रूप में नियुक्त किया जाता है, जो आशा कार्यकर्ताओं की तरह संभावित टीबी रोगियों की पहचान करती है और उन्हें 'स्क्रीनिंग' के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में भेजती है। हर गांव में एक सीजीएचए होता है। उन्होंने कहा, ''ये सीजीएचए ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रावधान के लिए एक प्रकार से आधार हैं। वे आशा कार्यकर्ताओं की जगह नहीं ले रहे, बल्कि उनकी सहायता कर रहे हैं। वे स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में स्वयं सहायता समूहों की आवाज बन गए हैं।

# उत्तराखंड चारधाम यात्रा में घंटों का सफर मिनटों में होगा पूरा, हरिद्वार-ऋषिकेश, जौलीग्रांट से भी हेली सेवा

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए जौलीग्रांट, हरिद्वार और ऋषिकेश से भी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की तैयारी है। ऐसे से में यूपी, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, आदि दूसरे राज्यों से आने वाली भक्तों का काफी समय बचेगा। इसके अलावा, भक्तजन आसानी से धामों में दर्शन भी कर सकेंगे। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इससे बाहर से चारधाम यात्रा के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश या जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आसानी होगी। वे सीधे इन शहरों से अपनी बुकिंग के अनुसार चारधाम के लिए उड़ान भर सकेंगे। इससे सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा। वर्तमान में दो धाम बदरीनाथ और केदारनाथ के लिए देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड से हेलीकॉप्टर उड़ान भरते हैं। इस सेवा का लाभ लेने के लिए अन्य प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं को हरिद्वार, ऋषिकेश या जौलीग्रांट से करीब एक से दो घंटे का सफर करके सहस्त्रधारा हेलीपैड पहुंचना पड़ता है। इससे उनके समय और धन की भी बर्बादी होती है। सड़कों पर वाहनों का दबाव भी बढ़ता है। इस समस्या से पार पाने के लिए और श्रद्धालुओं को सहूलियत उपलब्ध कराने के लिए यूकाडा की ओर से नई हवाई सेवाएं शुरू करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए जौलीग्रांट में एयरपोर्ट से इतर एसडीआरएफ के कैंपस में स्थित



हेलीपैड तैयार किया जा रहा है। यह हेलीपैड आपदा प्रबंधन की दृष्टि से तैयार किया गया है। अब यहां यात्रियों के लिहाज से जरूरी सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। इसके अलावा ऋषिकेश में आरजीवीएनएल (रेलवे) की भूमि पर हेलीपैड बनाना प्रस्तावित है। इसका प्रस्ताव रेलवे की ओर से सरकार को उपलब्ध कराया गया है। वहीं, हरिद्वार में हेलीपैड के लिए जिलाधिकारी को भूमि की तलाश के लिए लिखा गया है। यूकाडा की अपर सचिव एवं सीईओ सोनिका ने बताया कि चारधाम यात्रियों की सुविधा के लिए नई हेली सेवाएं शुरू करने की दिशा में काम किया जा रहा है। हेलीपैड तैयार होने के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, भारत सरकार से अनुमति के लिए पत्र लिखा जाएगा। कोशिश की जा रही है कि इस साल की चारधाम यात्रा तक कम से कम जौलीग्रांट से सेवा शुरू हो जाए। इन सेवाओं के शुरू होने से उत्तराखंड के धार्मिक पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। अभी देहरादून से विशेष बुकिंग पर ही हेली सेवा यूकाडा की ओर से विभिन्न प्राइवेट ऑपरेटर के माध्यम से वर्तमान में केदारनाथ के लिए हेली सेवा गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा से संचालित होती हैं। जबकि देहरादून के सहस्त्रधारा से बदरीनाथ और केदारनाथ के लिए सिर्फ विशेष बुकिंग पैकेज पर ही हेलीकॉप्टर सेवा मिल पाती है।

# मीडिया गलतियां उजागर करे, गलत मिले तो मेरे मंत्रालय को भी न बख्शें: नितिन गडकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि समाज में बदलाव लाना सभी की जिम्मेदारी है, जिसमें समाचार पत्रों और मीडिया भी शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मीडिया को गलत चीजों की निंदा करनी चाहिए और सकारात्मक चीजों की सराहना करनी चाहिए। एक मीडिया समूह की ओर से आयोजित नागपुर हीरोज कार्यक्रम को उन्होंने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा के सीनियर नेता ने मीडिया से कहा कि अगर उन्हें उनके मंत्रालय में कोई गड़बड़ी नजर आए तो वे उसकी कड़ी निंदा करें।

नितिन गडकरी ने कहा, 'मान्यता और सम्मान आपके व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि आपके चरित्र और गुणों से मिलता है। आजकल अच्छा काम करने के बाद आपको कोई नहीं पूछता। कई बार अच्छी खबरें प्रकाशित नहीं होतीं और गलत चीजें प्रमुखता से जगह बना लेती हैं।' उन्होंने



नायकों को सम्मानित करने के लिए सराहना करते हुए कहा, 'समाज का परिवर्तन समाचार पत्रों और मीडिया सहित सभी की जिम्मेदारी है। अच्छी चीजों को समाज के सामने लाया जाना चाहिए। साथ ही जो गलत है उसके बारे में जागरूकता भी होनी चाहिए।'

**...तो ब्लैक लिस्ट में डाल देंगे, किसे बोले गडकरी :** बीजेपी लीडर गडकरी ने कहा कि अगर कोई ठेकेदार अनियमितता में लिप्त पाया गया तो उसे काली सूची में डाल दिया जाएगा। अगर कोई टोल ऑपरेटर इस तरह संलिप्त मिला तो उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। नितिन गडकरी ने बीते दिनों कहा था कि देश में 6 महीनों के भीतर पेट्रोल और इलेक्ट्रिक वाहनों के दाम एकसमान हो जाएंगे। गडकरी ने 32वें कन्वर्जेंस इंडिया और 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि 212 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य अगले तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'छह महीने के भीतर ईवी की कीमत पेट्रोल वाहनों के बराबर हो जाएगी।' मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति आयात विकल्प, लागत दक्षता, प्रदूषण मुक्त और स्वदेशी उत्पादन की है। देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार जरूरी है।

# सौरभ भारद्वाज ने आप सुप्रीमो केजरीवाल की अभिमन्यु से तुलना की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार के करीब डेढ़ महीने बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल दिल्ली में किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में अरविंद केजरीवाल के सामने दिल्ली के नए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज नई दिल्ली सीट के चुनाव परिणाम का भी जिक्र किया। गौरतलब है कि इस सीट पर केजरीवाल को भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने मात दी जो अब पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल की हार की तुलना महाभारत में अभिमन्यु के वध से की। सौरभ भारद्वाज ने कहा, जिस तरह से अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली का चुनाव हुआ है। मैं तो जब सुनता हूं मुझे ऐसा लगता है कि जैसे चक्रव्यू के अंदर अभिमन्यु को घेरकर छल-कपट के साथ वध किया गया था, वैसे ही हमारे केजरीवाल जी को नई दिल्ली में घेरा गया। यह सबने देखा है। यह पूरी दुनिया ने देखा है।

सौरभ भारद्वाज ने मुस्कुराहट के साथ कहा कि केजरीवाल की किस्मत ऐसी ही है, वह कभी नीचे जाते हैं और कभी ऊपर। हम सब की किस्मत इनके साथ है। ये जितना नीचे जाते हैं, बॉल को नीचे मारो तो वह उतनी ऊपर जाती है, मेरा तजुर्बा है कि



अरविंद जी जब जब नीचे गए हैं ये दोगुनी स्पीड से ऊपर गए हैं। पूरी पार्टी और एक-एक कार्यकर्ता की किस्मत इनके साथ जुड़ी है। हमें तो ज्योतिषी के पास जाने की जरूरत नहीं, सर की ही किस्मत दिखवा दो। मेरी पत्नी ने ज्योतिषी से तो पूछा तो उसने कहा कि आपके पार्टी के हर आदमी की एक ही जैसी किस्मत चल रही है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जब आप की सरकार बनी थी तो लोगों को चेहरों पर खुशी नजर आती थी, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद लोग खुश नहीं हैं।

# अयप्पा मंदिर में ड्रेस कोड का विरोध; कमीज उतारे बिना ही चले गए अंदर

**पथनमथिट्टा , एजेंसी।** केरल के पथनमथिट्टा स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में कुछ पुरुष श्रद्धालुओं ने लंबे समय से चली आ रही प्रथा का विरोध किया। इसके लिए वे बिना कमीज उतारे ही रविवार को मंदिर के अंदर चले गए। अयप्पा मंदिर में प्रवेश करने से पहले पुरुष श्रद्धालुओं के लिए कमीज उतारना अनिवार्य है। इस मामले की सामने आई तस्वीरों के जरिए कुछ लोगों की पहचान हुई है। एसएनडीपी संयुक्त समारा समिति के सदस्य त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड की ओर से प्रबंधित पेरुनाडु में मंदिर के सामने कतार में खड़े और अपनी कमीज उतारे बिना प्रार्थना करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का विरोध बिना किसी बड़ी घटना के खत्म हो गया क्योंकि न तो पुलिस और न ही मंदिर प्रबंधन ने कोई खास आपत्ति जताई। प्रदर्शनकारियों ने बाद में मांग की कि पुरुष श्रद्धालुओं के ऊपरी वस्त्र उतारने की प्रथा को स्थायी रूप से समाप्त कर दिया जाना चाहिए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 'विरोध शांतिपूर्ण था। मंदिर प्रबंधन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि अगर कोई बिना कमीज उतारे मंदिर में प्रवेश करता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, भक्त पारंपरिक रूप से इस



प्रथा का पालन करते हैं।' हालांकि, खबर सामने आने के बाद विवाद बढ़ सकता है।

**इडुक्की जिले में व्यवसायी की हत्या पर बवाल :** दूसरी ओर, केरल के इडुक्की जिले में 50 वर्षीय व्यवसायी की हत्या के मामले में 2 और व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह व्यवसायी गुरुवार से लापता था और बाद में कलायंथानी में कैटरिंग गोदाम में उसका शव मिला था। पुलिस के मुताबिक, थोडुपुझा के चुंगम में व्यवसायी बिजू जोसेफ टहलने के लिए घर से निकले और लापता हो गए। उनके परिवार ने अगले दिन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में खुलासा हुआ कि उन्हें अगवा कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के इस मामले में सबसे पहले जोसेफ के पूर्व व्यवसायिक साझेदार 50 वर्षीय जोमन को गिरफ्तार किया गया। दोनों संयुक्त रूप से व्यवसाय में शामिल थे, लेकिन जोसेफ ने बार-बार अनुरोध के बावजूद जोमन का हिस्सा देने से इनकार कर दिया था। जोमन पर कोच्चि के तीन सदस्यीय गिरोह को व्यवसायी जोसेफ की हत्या के लिए सुपारी देने का संदेह है।

# आईपीएल 2025 में धोनी की स्टंपिंग के कायल हुए सिद्धू

**बोले 43 की उम्र में भी सर्वश्रेष्ठ**

**चेन्नई, एजेंसी ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने पूर्व सीएसके कप्तान एमएस धोनी की तारीफ की। आईपीएल 2025 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने धमाकेदार स्टंपिंग कर पुराने दिनों की याद ताजा करा दी। सिद्धू ने यहां तक दावा किया कि धोनी 50 की उम्र में भी सीएसके के लिए अर्धशतक बना सकते हैं। धोनी ने सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया, जब एमआई कप्तान नूर अहमद की गुगली को समझने में विफल रहे। सूर्यकुमार नूर अहमद की गेंद पर शॉर्ट खेलने के प्रयास में जैसे ही क्रीज से बाहर निकले, विकेट के पीछे खड़े धोनी ने अपने पुराने अंदाज में बेल्स उड़ा दीं। यह आईपीएल में धोनी की 44वीं स्टंपिंग थी।



सिद्धू ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 43 साल की उम्र में भी वह सर्वश्रेष्ठ हैं। वह पुरानी शराब की तरह हैं जो समय के साथ बेहतर होती जा रही है। उनकी फिटनेस पर गौर करें। एक विकेटकीपर का टिके रहना इस पर निर्भर करता है और धोनी की तकनीक और उनका सहज क्रियान्वयन, दोनों ही उल्लेखनीय हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने जो सम्मान अर्जित किया है, वह वाकई आश्चर्यजनक है। सीएसके की जीत के बाद धोनी ने विपक्षी खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाया, उन्होंने इसके बाद 24 वर्षीय स्पिनर विग्नेश पुथुर की पीठ थपथपाई, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए अपने आईपीएल पदार्पण में प्रभाव छोड़ा था। सिद्धू ने कहा, वह सबसे मधुर और हृदयस्पर्शी दृश्य था, जब वह युवा विग्नेश के पास गए, उसकी पीठ थपथपाई और उसका उत्साहवर्धन किया। यह खिलाड़ी को जीवन की सबसे कठिन चुनौतियों से पार पाने के लिए ऊर्जा प्रदान करती है। कहीं न कहीं, धोनी ने दिल जीत लिया है।

जुलाई में 44 साल के हो जाने वाले धोनी लगातार 18वें आईपीएल सीजन में खेल रहे हैं, जिनमें से 16 में उन्होंने सीएसके का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने अब तक 264 मैच खेले हैं और 5243 रन बनाए हैं। वह रन सूची में छठे स्थान पर हैं, उनके नाम 24 अर्धशतक हैं। धोनी की फिटनेस की तारीफ करते हुए सिद्धू ने कहा, उनके पास साबित करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है, फिर भी लोग नहीं चाहते कि वे खेल छोड़ें। और मैं एक बात पर अपनी जान की बाजी लगा सकती हूं—वह शायद एकमात्र क्रिकेटर होंगे जो 50 साल की उम्र में भी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अर्धशतक बना सकते हैं।



## पुणे बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप-1 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा

**पुणे, एजेंसी।** पुणे देश के टेनिस इतिहास में पहली बार प्रतिष्ठित बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप-1 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जबकि महाराष्ट्र 25 साल के अंतराल के बाद 8 से 12 अप्रैल तक म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में इस आयोजन की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग, कोरिया और थाईलैंड सहित एशिया ओसनिया क्षेत्र की छह टीमें, मेजबान भारत के अलावा, राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी, जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच होंगे - दो एकल और उसके बाद युगल। एमएसएलटीए सचिव सुंदर अय्यर ने कहा, मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए और महा ओपन एटीपी चैलेंजर की सफलता के बाद, एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए उच्चतम स्तर का एक और आयोजन पाकर रोमांचित है। अय्यर ने कहा, एमएसएलटीए ने पुणे में लगभग सभी बड़े टेनिस आयोजनों की मेजबानी की है, लेकिन हमने कभी भी बीकेजेसी या फेड कप की मेजबानी नहीं की है। एआईटीए और एमएसएलटीए ने इस आयोजन के लिए बोली लगाई है, ताकि लड़कियों के लिए घरेलू परिस्थितियों में उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना आसान हो सके।

घरेलू समर्थन और परिचित परिस्थितियों के साथ, भारतीय टीम प्रतियोगिता में अपनी पिछली सफलता को दोहराने और क्षेत्र से उपलब्ध दो योग्यता स्थानों में से एक के लिए मजबूत बोली लगाने का लक्ष्य रखेगी। अंकिता रैना की अगुआई वाली भारतीय महिला टेनिस टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी (सभी 300 और 358 के बीच रैंक की हैं) भी शामिल हैं। अनुभवी युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे (युगल में 137 रैंक की हैं), जो हाल ही में डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में उपविजेता रहीं, के शामिल होने से कप्तान विशाल उप्पल को टूर्नामेंट में जाने के लिए कई रणनीतिक विकल्प मिलते हैं।

**पिता रिक्शा चालक, लोकल मैच से आए थे मुंबई इंडियंस की नजर में...**

## द्धक्क्ष्डेब्यू में कलाई के कमाल से धूम मचाने वाले विघ्नेश पुथुर की कहानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के एक मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से पराजित किया. इस मुकाबले के बाद चेन्नई की जीत से ज्यादा चर्चा मुंबई इंडियंस के ऐसे गेंदबाज की हो रही है, जिसका नाम इस मुकाबले से बहुत कम लोग जानते थे. इस बॉलर का नाम है विघ्नेश पुथुर, जो मैच में रोहित शर्मा की जगह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे और चेपॉक (एमए चिदंबरम स्टेडियम) में तबाही मचा दी.

### केरल के मल्लपुरम से आईपीएल तक का सफर...

चाइनामैन गेंदबाज विघ्नेश पुथुर के चलते ही इस मुकाबले में रोमांच आया और मैच आखिरी ओवर तक गया. नहीं तो एक समय ऐसा लग रहा था कि सीएसके आसानी से मैच जीत जाएगी. विघ्नेश ने अपने लगातार तीन ओवर्स में ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे और दीपक हुड्डा जैसे धाकड़ बल्लेबाजों को आउट करके मुंबई की वापसी कराई. यदि मुंबई ने 10-15 रन और बनाए होते, तो शायद वो मैच भी जीत सकती थी. अपना आईपीएल डेब्यू मैच खेल रहे विघ्नेश ने 4 ओवरों में 32 रन देकर तीन विकेट लिए.

विघ्नेश पुथुर की मुंबई इंडियंस में एंट्री काफी रोचक है. 24 साल के विघ्नेश केरल के मलप्पुरम के रहने वाले हैं और उनके पिता एक ऑटो रिक्शा चालक हैं. बड़ी बात यह है कि केरल के लिए सीनियर लेवल पर विघ्नेश ने अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेला है. ऐसे में उनका ये प्रदर्शन तारीफ के योग्य है. विघ्नेश शुरुआत में मीडिय पेस बॉलिंग करते थे, लेकिन केरल के क्रिकेटर मोहम्मद शेरिफ ने उन्हें स्पिनर बनने का सुझाव दिया. फिर क्या था... विघ्नेश पुथुर ने स्पिन गेंदबाजी शुरू कर दी. बाएं हाथ की कलाई से गेंद को स्पिन कराना उनके लिए एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ. स्थानीय लीग और कॉलेज टूर्नामेंट में लगातार अभ्यास करने से उनकी स्पिन बॉलिंग में और निखार आया. फिर सेंट थॉमस कॉलेज और जॉली रोवर्स क्रिकेट क्लब के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद उनका सेलेक्शन केरल टी20 लीग के पहले सीजन के लिए हुआ, जिसमें वो एलेप्पी रिपल्स टीम का हिस्सा बने.

### ट्रायल में दिखाई अपनी प्रतिभा... फिर गए साउथ अफ्रीका

विघ्नेश पुथुर ने केरल टी20 लीग के पहले सीजन में केवल तीन मुकाबले खेले और दो विकेट लिए. हालांकि इसी दौरान उन्होंने मुंबई इंडियंस की स्काउटिंग टीम का ध्यान खींचा. फिर विघ्नेश को ख्ह्व की ओर से ट्रायल के लिए बुलाया गया. ट्रायल के दौरान विघ्नेश ने अपनी सटीकता और दबाव में भी शांत रहने की क्षमता से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा. फिर जब आईपीएल 2025 की नीलामी हुई, तो मुंबई ने उन्हें 30 लाख रुपये के बेस प्राइस में अपने साथ जोड़ा.

मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने विघ्नेश पुथुर की गेंदबाजी में और निखार लाने के लिए साउथ अफ्रीका भेजा, जहां वो Ϩ20 लीग की टीम ख्ह्व केपटाउन में नेटबॉलर के तौर पर जुड़े. वहां उन्होंने राशिद खान जैसे खिलाड़ियों के साथ अपनी स्किल को और बेहतर बनाने का काम किया. टी20 क्रिकेट के बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने के अमूल्य अनुभव ने उनके आत्मविश्वास को काफी बढ़ाया. फिर विघ्नेश ने आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में रिलायंस टीम के लिए तीन मुकाबले भी खेले. मुंबई इंडियंस के बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे इस युवा गेंदबाज को लेकर कहते हैं, हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो टैलेंट को पहचान सकते हैं. मुझे लगता है कि एमआई किसी भी चीज से ज्यादा टैलेंट को तवज्जो देती है. जब हमने उसे ट्रायल के लिए बुलाया, तो हमने उसमें क्षमता देखी. यह नहीं देखा कि उसने अतीत में कितना क्रिकेट खेला है. हमारी ओर से केवल ये सोचा गया कि उसमें प्रतिभा है. अब आपने यह आईपीएल में भी देख लिया. कहा जाए तो आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए अपने पहले मैच में विघ्नेश पुथुर ने उस भरोसे को ब्याज सहित चुकाया है. यहां तक कि चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज और भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी मैच के बाद इस युवा स्पिनर की प्रशंसा की. डेब्यू मैच में ही विघ्नेश ने दिखा दिया है कि वो लंबी रेस के घोड़े साबित होने वाले हैं.

# बीसीसीआई ने किया नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान

**इन 16 खिलाड़ियों को मिली जगह**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने साल 2024-25 के लिए महिला क्रिकेटर्स की नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है. बीसीसीआई ने इस बार टीम इंडिया की 16 महिला खिलाड़ियों को सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए जाने का ऐलान किया है. बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटर्स की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट को तीन कैटेगरी में बांटा है. 16 में से 3 खिलाड़ियों को ग्रेड ए में रखा है. वहीं, ग्रेड बी में 4 खिलाड़ी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं. इनके अलावा 9 खिलाड़ियों को ग्रेड सी में जगह दी गई है. ये कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए है. बीसीसीआई ने ग्रेड ए में कप्तान हरमनप्रीत के अलावा स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को ग्रेड ए कैटेगरी में जगह दी है. वहीं बी ग्रेड में 4 खिलाड़ियों को जगह मिली है. ये 4 खिलाड़ी रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा हैं. इनके अलावा यस्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत



कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार को ग्रेड सी में रखा गया है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने प्रेस रिलीज करते हुए इसका ऐलान किया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रेड ए में शामिल हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ती शर्मा को 50-50 लाख रुपए मिलेंगे. वहीं, रेणुका ठाकुर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा को 30-30 लाख रुपए दिए जाएंगे. इनके अलावा ग्रेड सी में शामिल सभी 9 खिलाड़ियों को साल के 10-10 लाख रुपए मिलेंगे. पिछले साल भी तीनों ग्रेड के लिए यही रकम दी गई थी.

पुरुष खिलाड़ियों के मुकाबले काफी कम पैसा

बता दें, बीसीसीआई महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक जैसी मैच फीस देती है. लेकिन सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में बहुत बड़ा अतंर है. पुरुष खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में चार कैटेगरी हैं, जिसमें ग्रेड ए प्लस भी, इस ग्रेड के खिलाड़ियों को 7 करोड़ रुपए मिलते हैं. वहीं, ग्रेड ए कैटेगरी में 5 करोड़ रुपए, ग्रेड बी में तीन करोड़ रुपए और ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए सलाना मिलता है.

# पूर्व बांग्लादेशी कप्तान तमीम इकबाल को हार्ट अटैक आया



- मैच खेलते समय तबीयत बिगड़ी
- जनवरी में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमीम इकबाल ने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया।

बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार की सुबह हार्ट अटैक के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तमीम को मैच खेलने के दौरान हार्ट अटैक आया। तमीम सावर में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच खेल रहे थे, तभी उन्हें सीने में तेज दर्द महसूस हुआ।

तमीम को अस्पताल में निगरानी में रखा गया क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के फीजिशियन डॉ. देबाशीष चौधरी ने कहा, मैच के दौरान तमीम ने सीने में दर्द की शिकायत की और उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई और ईसीजी किया गया। वे असहज महसूस कर रहे थे और ढाका वापस जाना चाहते थे।

एक एम्बुलेंस को बुलाया गया और जब वह अस्पताल से मैदान पर लौट रहे थे, तो उन्हें फिर से सीने में दर्द महसूस हुआ। इसके बाद उन्हें दूसरी बार अस्पताल लाया गया और पता चला कि उन्हें बहुत बड़ा दिल का दौरा पड़ा है। अब उन्हें फाजिलतुन्नेस अस्पताल में निगरानी में रखा गया है। तमीम ने इसी साल जनवरी में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था तमीम इकबाल ने इसी साल जनवरी में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। यह दूसरी बार था जब उन्होंने अपने करियर को अलविदा कहा है।

तमीम ने जुलाई 2023 में भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही अपना फैसला बदल दिया था। तमीम ने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी मैच सितंबर 2023 में खेला। उन्होंने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया।

**नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप:**

# जैस्मीन लम्बोरिया का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। जीत हासिल करने वाली खिलाड़ियों में लम्बोरिया के साथ रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की सनमाचा चानू भी शामिल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया ने 8वीं इलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। प्रारंभिक दौर में चंडीगढ़ की रुचिका पर दूसरे दौर की आरएससी जीत के साथ लम्बोरिया ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लाइटवेट वर्ग की मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लम्बोरिया पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में आई थीं और अब इसी कटेगरी में खेलती हैं।

यह चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स



में उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से बीएफआई द्वारा आयोजित की जा रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज 10 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

यह आयोजन विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन करता है, जिसमें एक मिनट के रेस्ट ब्रेक के साथ 3-3 मिनट के राउंड शामिल हैं।

### राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था कांस्य पदक

जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। जीत हासिल करने वाली खिलाड़ियों में लम्बोरिया के साथ रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की सनमाचा चानू भी शामिल हैं। यूथ विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन चानू ने मणिपुर की बिंदिया देवी माओरेम पर अपनी एकतरफा जीत के दौरान खेल पर पूर्ण नियंत्रण दिखाया।

# हरभजन सिंह पर गंभीर आरोप, नस्लभेदी टिप्पणी पड़ी भारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की शुरुआत में ही एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह अपनी कमेंट्री के चलते फैंस के निशाने पर आ गए हैं.

दरअसल, सोशल मीडिया पर हरभजन सिंह का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है. ये वीडियो राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मुकाबले का है, जिसमें उन्होंने एक ऐसा कमेंट किया है, जिसने खलबली मचा दी है. फैंस उन पर नस्लभेदी टिप्पणी करने का आरोप लगा रहे हैं.



दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो राजस्थान रॉयल्स की पारी के 18वें ओवर का है. तब पिच पर ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन बल्लेबाजी कर रहे थे और जोफ्रा आर्चर गेंदबाजी पर थे. इस दौरान जब क्लासेन ने आर्चर की दूसरी और तीसरी गेंद पर लगातार चौके लगाए, तो हरभजन सिंह ने कहा, लंदन में काली टैक्सी का मीटर तेज भागता है, और यहां पर आर्चर साहब का मीटर भी तेज भागा है.' उनका ये कमेंट पर जमकर वायरल हो रहा है और फैंस ने उन्हें कमेंट्री से बैन करने की मांग उठा रहे हैं.

फैंस का मानना है कि हरभजन सिंह ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तुलना 'ब्लैक टैक्सी' से की है, जो एक नस्लभेदी टिप्पणी है. एक यूजर ने लिखा, 'हरभजन सिंह ने जोफ्रा आर्चर को हिंदी कमेंट्री में काली टैक्सी कहा. यह बहुत ही खराब बात है. कृपया इन्हें बैन कीजिए.'

# एक साल में दो बार टूटा दिल, विराट कोहली ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली का दिल जिस पर आया, वो अब उनकी पत्नी हैं. दोनों की पर्सनल लाइफ मजे से चल भी रही है. फिर भारतीय बल्लेबाज के ऐसा कहने के पीछे माजरा क्या है, कि एक साल में दो बार दिल टूट चुका है. दरअसल, इसके पीछे की वजह भी खुद विराट कोहली ने ही बताई है. सोशल मीडिया पर उनका एक इंटरव्यू वायरल है, जिसमें एक आईपीएल मैच के बाद वो अपने दिल के टूटने की वजह बयां कर रहे हैं. विराट की बातों से पता चलता है कि दोनों ही मौकों पर उनके दिल के टूटने की वजह निजी नहीं बल्कि क्रिकेट के मैदान से जुड़ी है.

विराट कोहली एक आईपीएल मैच के बाद ये कहते दिख रहे हैं कि उनका दिल एक ही साल में दो बार टूट चुका है. विराट के मुताबिक ऐसा 2016 में हुआ था. पहली बार तो उनका दिल इसलिए टूटा था क्योंकि टी20 वर्ल्ड कप जीतने में टीम इंडिया नाकाम रही थी. और दूसरी बार उनके दिल के टूटने की वजह उसी साल आईपीएल फाइनल में आरसीबी को मिली हार बनी थी.

**आईपीएल 2016 में विराट का प्रदर्शन रहा सबसे दमदार**

सिर्फ विराट कोहली के प्रदर्शन के लिहाज से आईपीएल 2016 अभी भी इस क्रिकेट लीग का सबसे शानदार सीजन है. ऐसा



इसलिए क्योंकि उस सीजन में उन्होंने जितने रन बनाए हैं, उतने अभी तक किसी भी सीजन में किसी भी बल्लेबाज ने नहीं बनाए हैं. मतलब एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा 973 रन बनाने का रिकॉर्ड आज भी विराट कोहली के नाम पर है, जो कि आईपीएल 2016 में बना था.

**आईपीएल में विराट कोहली का कोई मुकाबला नहीं!**

विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं. वो इकलौते प्लेयर हैं, जिनके नाम आईपीएल में 8000 से ज्यादा रन हैं. और, ये सभी रन उन्होंने एक ही फ्रेंचाइजी यानी आरसीबी से खेलते हुए बनाए हैं.

### आईपीएल 2025 में भी हैं छाए

उन्होंने आईपीएल 2025 का आगाज भी जोरदार किया है. विराट ने आईपीएल 2025 में खेले पहले मैच में शानदार अर्धशतक जड़ा और अपनी टीम को जीत दिलाकर ही लौटे. घ्यक्र के खिलाफ 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 36 गेंदों पर 59 नाबाद रन बनाए थे.

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 25 मार्च 2025 | 8

रीवा में पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 2 के तहत 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं 3 से 6 वर्ष के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढकरण हेतु कार्यकर्ताओं को क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षित किया गया।



## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के सभी आवेदन निराकृत करें

### सीएम हेल्पलाइन में विभाग डी और सी श्रेणी में रहा तो होगी कार्यवाही : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने फरवरी माह की ग्रेडिंग में आठ विभागों के डी श्रेणी तथा तीन विभागों के सी श्रेणी में रहने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एक सप्ताह में लंबित प्रकरणों का निराकरण करके विभाग को डी और सी श्रेणी से बाहर लाएं। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें। विभागों की रैंकिंग में गिरावट आई तो संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का भी तत्काल निराकरण करें। इसमें हैण्डपंपों के सुधार, मनरेगा में मजदूरी भुगतान के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई अभियान चलाकर बिगड़े हैण्डपंपों का सुधार कराएं। पेयजल संबंधी विकासखण्ड स्तरीय और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में हैण्डपंप और नलजल योजना के सुधार के संबंध में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल संसाधन विभाग, ट्राईबल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा खाद्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका इसी सप्ताह निराकरण कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रम विभाग जन्म-मृत्यु पंजीयन तथा ग्रामीण विकास विभाग के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए विकासखण्डवार शिविर लगाएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों पर कार्यवाही करें। सभी एसडीएम प्राकृतिक आपदा में राहत राशि, भू अर्जन तथा सीमांकन में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसीलवार शिविर लगाएं। तहसीलदार एवं पटवारियों से प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रकरणों में समुचित उत्तर दर्ज करें। राजस्व विभाग में 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का सात दिवस में निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में यदि कोई शिकायत अनअटेंडेड पाई गई तो संबंधित एल-1 अधिकारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महाप्रबंधक सहकारी बैंक तथा जिला आपूर्ति अधिकारी गेंहू उपार्जन केन्द्रों में गेंहू खरीदी के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों को उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा तत्काल शुरू कर दें। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम दो दिवस में सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दें तथा कृषि उपज मण्डी को लंबित राशि का भुगतान करें। खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों की 31 मार्च से पूर्व शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिला प्रबंधक विपणन संघ करहिया मण्डी में भण्डारित गेंहू और धान की अन्यत्र व्यवस्था करें जिससे मॉडल मण्डी का निर्माण कार्य किया जा सके। सभी एसडीएम गेंहू उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों का तीन दिवस में शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। सभी कार्यालय प्रमुख अनुकंपा नियुक्ति के लिए कार्यालय में रिक्त पदों की जानकारी आज ही उपलब्ध करा दें। कार्यालय प्रमुख ई आफिस व्यवस्था के लिए निर्धारित पोर्टल पर अधिकारियों और कर्मचारियों के ई मेल एवं अन्य जानकारियाँ तत्काल उपलब्ध करा दें।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 26 मार्च को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 26 मार्च को अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार विवरण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई है। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## तुअर फसल का पंजीयन 25 मार्च से 20 अप्रैल तक

**रीवा।** खरीफ वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर तुअर फसल का पंजीयन 25 मार्च से 20 अप्रैल तक किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तुअर फसल के ई उपार्जन पोर्टल में पंजीयन की व्यवस्था, पंजीयन केन्द्रों के निर्धारण, पंजीयन केन्द्रों का भैतिक एवं मानव संसाधनों की व्यवस्था कृषकों के पंजीयन एवं सत्यापन के निर्देश दिये हैं।

## टीबी मुक्त भारत के लिए मप्र प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निक्षय भारत अभियान के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्यकर्मियों, निक्षय मित्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य केवल शासकीय प्रयासों से ही संभव नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही इसे साकार किया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि इस अभियान में सहयोग दें और टीबी मुक्त मध्यप्रदेश बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व टीबी दिवस पर स्वास्थ्यकर्मियों, निक्षय मित्रों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सबकी मेहनत और सेवा भाव के कारण ही मध्यप्रदेश क्षयरोग उन्मूलन की दिशा में इतनी तेज गति से आगे बढ़ा है। निक्षय मित्रों ने अपने स्तर पर आर्थिक और पोषण सहायता प्रदान कर मरीजों को नया जीवन दिया है, जो एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से हम टीबी मुक्त भारत का सपना साकार करेंगे। 100 दिवसीय विशेष निक्षय शिविर अभियान के तहत मध्यप्रदेश में 7 दिसंबर 2024 से 23 जिलों में गहन टीबी खोज और उपचार अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य उच्च टीबी बोझ वाले जिलों में टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान, मृत्यु दर में कमी और नए मामलों को रोकना है। इस अभियान के तहत 78 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 21,430 नए टीबी मरीज चिन्हित (नोटिफाई) किए गए और उनका तुरंत उपचार शुरू कराया गया। क्एर्च्के माध्यम से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस दौरान 19000 से अधिक निक्षय मित्रों ने 25,000 से अधिक टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान की और 4 लाख से अधिक नागरिकों ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प की शपथ ली।

## संभागीय अधिकारियों का ई-आफिस का प्रशिक्षण जारी

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यालय के सामान्य काज एवं फाइलों के निराकरण के लिए ई-आफिस ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के ईमेल आईडी बनाकर सॉफ्टवेयर में दर्ज किये जा रहे हैं। ई-आफिस प्रणाली का संभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि प्रशिक्षण ई दक्ष केन्द्र शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक रीवा में 25 मार्च को भी आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण तीन पलियों में दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कमिश्नर ने बताया कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन 25 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मंडी बोर्ड, नागरिक आपूर्ति निगम, खाद विभाग, ट्राईवल, खनिज, आबकारी, हाउसिंग बोर्ड, स्थानीय निधिसम परीक्षा के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक कृषि अभियांत्रिकी, श्रम, योजना, सांख्यिकी, मेडिकल कॉलेज, आजीविका मिशन, आयुर्वेद विभाग, जिला पंजीयक तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी, प्रदूषण मंडल, लीड बैंक, सौर ऊर्जा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, राष्ट्रीय सड़क विकास प्राधिकरण, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## ईव्हीएम वेयरहाउस आज खुलेगा

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ईव्हीएम वेयरहाउस का प्रत्येक तीन माह में खोलकर निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के लिए 25 मार्च को शाम 4.30 बजे ईव्हीएम वेयरहाउस शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा खोला जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से ईव्हीएम वेयरहाउस खुलने के समय शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में बनाए गए ईव्हीएम वेयरहाउस में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा से बच्चों के विकास के विभिन्न आयामों के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**रीवा।** पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 2 के तहत 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं 3 से 6 वर्ष के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढकरण हेतु कार्यकर्ताओं को क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षित किया गया। इसका उद्देश्य आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के विकास के आयामों (शारीरिक और मोटर, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक-नैतिक, सांस्कृतिक/ कलात्मक और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है। आंगनबाड़ी केन्द्रों मे क्रियान्वित होने वाले पोषण भी पढाई भी अभियान के लिए जिले के सभी 2397 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 3 दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में 24 मार्च से 26 मार्च तक एवं द्वितीय सत्र में 27 से 29 मार्च तक बाल विकास परियोजना मुख्यालयों में प्रशिक्षण जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार के पोषण भी पढ़ाई भी अभियान आंगनबाड़ियों में जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना, अनौपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता चिहांकन से जुडा कार्यक्रम है। इससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नवचेतना के तहत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों को सीखने-समझने एवं बाल मस्तिष्क विकास की संपूर्णता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जाएगा। अनौपचारिक शिक्षा में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-खेल में सहज सरल तरीके से शाला पूर्व तैयारी को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण होगा। आधारशिला के तहत जन्म से 6 वर्ष के बच्चों में दिव्यांगता के आरंभिक चिहांकन के लिए भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बताया जाएगा।

## तनाव मुक्ति और जीवन प्रबंधन पर व्याख्यान आज

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 25 मार्च को सुबह 10 बजे से तनाव मुक्ति और जीवन प्रबंधन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इसमें प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रेरक वक्ता तनाव मुक्ति और जीवन प्रबंधन पर व्याख्यान देंगे। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी जिला अधिकारियों तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय पर व्याख्यान माला में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



**रीवा।** मऊगंज जिले के सिविल अस्पताल मऊगंज सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का आयोजन राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण में 309 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवचेतना कार्यक्रम के तहत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों के बौद्धिक विकास और गतिविधियों का आयोजन करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास के लिए नई तकनीकों और तरीकों की जानकारी दी जा रही है।यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग मऊगंज परियोजना के अंतर्गत, पोषण भी पढ़ाई भी के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास की देखभाल के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## सामान्य सभा की बैठक 28 मार्च को

**रीवा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक 28 मार्च को आयोजित की गई है। जिला पंचायत सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे से आहूत बैठक में 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## ई आफिस के लिए 31 मार्च तक ईमेल आईडी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

**रीवा**

प्रशासनिक कार्यों तथा फाइलों के निराकरण के लिए ई आफिस प्रणाली लागू की जा रही है। इसके माध्यम से फाइलें ऑनलाइन एक विभाग से दूसरे विभाग तथा एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी के पास जाएंगी। डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से इनका निराकरण होगा। इसके लिए फाइलों पर टीप अंकित करने वाले अधिकारियों और कार्यालय सहायकों की ईमेल आइडी तैयार की जा रही है। ईमेल आईडी पर ही फाइलें प्राप्त होंगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को 31 मार्च तक ई आफिस व्यवस्था के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ई मेल आईडी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अधिकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके अपने कार्यालय को ई आफिस में ऑनबोर्ड कराने के लिए एम्पलाई मास्टर डाटा (ईएमडी) फाइल की एक्सल शीट जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को उपलब्ध कराएं। इसे मोबाइल नम्बर 8010903546 अथवा ई मेल एमपी आरईडब्ल्यू एट द रेट एनआईसी डॉट इन पर भी उपलब्ध कराया जा सकता है। सभी अधिकारी तय समय सीमा में ईमेल आईडी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

## युवा संगम कार्यक्रम आज, युवाओं के लिये रोजगार के अवसर

### युवा संगम अन्तर्गत मेगा जॉब फेयर में 40 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** जिला मुख्यालय स्थित टीआरएस कॉलेज में युवा संगम का आयोजन 25 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित मेगा जॉब फेयर में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेगा जॉब फेयर के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 40 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 9 हजार रुपए से 40 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, समग्र आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। युवा संगम आयोजन की सुचारू व्यवस्थाओ के लिये कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम को आयोजन स्थल में साफ-सफाई, शौचालय एवं फायर ब्रिगेड की व्यवस्था का दायित्व सीईओ जिला पंचायत को समन्वयक एवं नोडल अधिकारी का दायित्व तथा एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक को नियोजको को आमंत्रित करने, महाप्रबंधक उद्योग को स्वरोजगार संबंधित आवेदकों को हितलाभ वितरित करने तथा आईटीआई के प्राचार्य को छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार अन्य विभागीय अधिकारियों को सफल आयोजन के लिये विभिन्न दायित्व सौंपे गये है।

## शाला जाने योग्य हर बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें

**रीवा।** आगामी एक अप्रैल से स्कूल शिक्षा विभाग का वर्ष 2025-26 का नया शिक्षा सत्र आरंभ हो रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय स्कूलों में नवीन शिक्षा सत्र के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक शिक्षा मिशन को नवीन शिक्षा सत्र के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में अनिवार्य रूप से प्रवेश कराएं। अब तक कक्षा दो से लेकर कक्षा 11 तक जो विद्यार्थी दर्ज हैं उनका पूरा विवरण समग्र शिक्षा पोर्टल पर 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपडेट कराएं। विकासखण्ड स्तर पर विद्यार्थियों एवं पालकों के साथ बैठक आयोजित करके एक अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने की जानकारी दें। स्थानीय संचार माध्यमों से भी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनता का भी पूरा सहयोग लें।

कलेक्टर ने कहा है कि शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों की बैठक आयोजित करें। विद्यार्थी के अभिभावक से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति के संबंध में उपयोगी सुझाव प्राप्त करें। अभिभावकों को विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति से भी अवगत कराएं। सभी शालाओं में एक अप्रैल को समारोह पूर्वक प्रवेश उत्सव का आयोजन करें। इस दिन विद्यार्थियों का परंपरागत तरीके से स्वागत करने के साथ प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का भी आयोजन करें। प्राथमिक शाला के शिक्षक आंगनवाड़ी केन्द्र जाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से कक्षा एक में प्रवेश योग्य बच्चों की सूची प्राप्त करें। उनके अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें। बच्चे के कक्षा एक में प्रवेश के लिए आयु संबंधी प्रमाणीकरण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, एएनएम के रजिस्टर तथा आंगनवाड़ी केन्द्र के रजिस्टर को भी आधार बनाएं। कक्षा एक से कक्षा 11वीं तक दर्ज विद्यार्थियों की सूची संबंधित शाला में उपलब्ध है। इसमें शामिल विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में प्रवेश दिलाएं।

कलेक्टर ने कहा है कि सभी शाला भवनों में साफ-सफाई कराकर विद्यार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था करें। शासन के प्रावधानों के अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं सर्व शिक्षा अभियान के तहत संचालित छात्रावासों में कक्षा आठवीं की बालिकाओं को प्रवेश दिलाएं। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में भी विद्यार्थियों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित करें। भारत सरकार द्वारा यू डाइस के माध्यम से शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे की ट्रैकिंग की जा रही है। यू डाइस के तहत दर्ज सभी विद्यार्थियों को यूनिक कोड आवंटित किया गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के शाला में प्रवेश का सत्यापन करें। यदि यूनिक कोड प्राप्त विद्यार्थी किसी भी शाला में मैप नहीं है तो वह ड्राप बाक्स में चला जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी को उचित शाला में मैप करें। प्रवेशोत्सव के समय विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें। उन्हें निःशुल्क गणवेश, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक तथा साइकिल देने के लिए पात्रता के अनुसार आवेदन कराएं। छात्रवृत्ति के लिए भी विद्यार्थियों से समय पर आवेदन पत्र दर्ज करा दें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833